बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 5, अंक 183, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 13

रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 14


## ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर क्रैश

दुबई, एजेंसी



- हेलीकॉप्टर पर विदेश मंत्री के साथ कई अधिकारी भी सवार

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर के रविवार को देश के उत्तर पश्चिमी हिस्से में पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जिसके बाद बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है और लोगों से प्रार्थना करने की अपील की गई है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। ईरान की सरकारी टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा से सटे जुल्फा शहर के निकट हुई। हालांकि बाद में बताया कि यह घटना उजी के निकट हुई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी तथा अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। रईसी की स्थिति के बारे में घंटो बाद भी न तो आईआरएनए और न ही सरकारी टीवी ने कोई जानकारी दी। गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने सरकारी टीवी पर कहा कि राष्ट्रपति और उनके सह यात्री कुछ हेलीकॉप्टर से वापस जा रहे थे। विभिन्न बचाव दल क्षेत्र में भेजे गए हैं, लेकिन खराब मौसम-कोहरे के कारण उन्हें हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने पर चिंता प्रकट की है। मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ खड़े हैं।

## पांचवां चरण : पांच केंद्रीय मंत्रियों समेत राहुल की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे करीब ढाई करोड़ मतदाता

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव में पांच केंद्रीय मंत्रियों, राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी व रायबरेली समेत 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। करीब ढाई करोड़ मतदाता इन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।



- प्रदेश की 14 लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर आज होगा मतदान

### हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों को जीतने के लिए भाजपा व कांग्रेस में घमासान की स्थिति है। पिछले दिनों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनावी सभाओं के जरिये मतदाताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में लगे रहे, जबकि भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी सभाएं कर अमेठी के साथ ही इस बार रायबरेली सीट जीतने के लिए माहौल बना चुके हैं। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव मैदान में हैं। सपा प्रत्याशी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, जालौन सीट पर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ इंडी गठबंधन से नारायण दास अहिरवार चुनाव मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। 2007 से 2011 तक वह मायावती सरकार में मंत्री थे

लखनऊ सीट पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने उनके मुकाबले में मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन के तहत सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार से उन्हें चुनौती मिल रही है।

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी चुनाव मैदान में हैं। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से चुनौती मिल रही है। दोनों सीटों को जीतने के लिए गांधी परिवार क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है।










## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीओके होगा हमारा : मुख्यमंत्री

### योगी ने छह लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का हिस्सा होगा। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुंडा-माफिया के सरगना कह रहे हैं कि योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए। मैं कहता हूं कि चिंता न करो, जो गुंडे और माफिया बचे हैं चुनाव बाद उनकी संपत्ति पर भी बुलडोजर चल जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को छह लोकसभा सीटों आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने आजमगढ़ में सांसद व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में कहा कि आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद इंग्लैंड घूमने निकल जाएंगे। योगी ने आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के लिए भी प्रचार किया।

जौनपुर में योगी ने भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मांगा। बोले कि सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। हम उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और माफिया को समाप्त करके रहेंगे। योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन का एकजुट होना खतरे की घंटी का संकेत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा न आपकी संपत्ति का सर्वे कराने देगी, न ही जजिया कर लगाने देगी और न ही आरक्षण पर सेंध लगाने देगी।



- मतदाताओं से अपील-माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए

### औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री ने फूलपुर से विधायक और लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल के पक्ष में सोरांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर वह हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर खास में प्रतापगढ़ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाना है, इसलिए अबकी बार 400 पार सीटें चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस नारे से चक्कर आने लगा है, क्योंकि प्रयागराज और गाजीपुर वाले इनके शागिर्द मिट्टी में मिल चुके हैं।

योगी ने करछना में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा की। बोले कि प्रयागराज में विधायक राजू पाल की हत्या कर दी जाती है और सपा बेशर्मी से माफिया को अपने गले का हार बना लेती है। उन्होंने दो लड़कों की जोड़ी फूलपुर आई थी, लेकिन जनता ही नहीं थी, ऐसे में वापस चले गए हैं। यहां मतदाताओं से कहा कि, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए।

### सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसे कार्यकर्ता, मंच पर चढ़े

## प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़, कई घायल

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। स्थिति देखकर दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के भी हाथपांव फूल गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे राहुल गांधी और अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी
- नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



भगदड़ के बाद जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### एक नजर

#### कांग्रेस नेता प्रतापराव भोसले का निधन

**कोल्हापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्रतापराव भोसले (90) का रविवार को निधन हो गया। भोसले के परिवार में पूर्व विधायक मदन भोसले समेत तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। भोसले वाई-खंडाला क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए थे। तीन बार सतारा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

#### नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट जंगल में आग लगने के बाद कई बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। ये बारूदी सुरंग घुसपैठ रोधी प्रणाली का हिस्सा थीं।

## हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन 3500 ही कर सकेंगे दर्शन

ब्यूरो, देहरादून

- 25 मई को खुलेंगे विश्वप्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट
- ऋषिकेश से 22 को पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगी यात्रा

**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब में अभी भी बर्फ जमा है। इसके मद्देनजर शासन, जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन ने प्रतिदिन श्रद्धालुओं के पहुंचने की संख्या तय की है। कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही हेमकुंड साहिब जा सकेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का कहना है कि हेमकुंड साहिब में अभी भी काफी बर्फ जमी है। बर्फ पिघलने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या पर फिर से विचार किया जाएगा।

मालूम हो कि 22 मई को पंज प्यारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दो दिन पहले गुरुद्वारा प्रबंधन के साथ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब का पैदल निरीक्षण किया था। जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या तय की है।

## 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है। सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

## केजरी के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

### मालीवाल मामला



- जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

दिल्ली पुलिस की एक टीम आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला किया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी और इसलिए यह हम लोगों को ख़त्म करना चाहते हैं।

## निकोबार द्वीप पहुंचा मानसून, 31 तक केरल में दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।



- ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान
- भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जूझ रहा देश का बड़ा हिस्सा

आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई राज्यों में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है और इसका स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर असर पड़ रहा है। दक्षिणी भारत में अप्रैल में लू का प्रकोप देखा गया था। भीषण गर्मी बिजली ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकाय सूख रहे हैं। इसके कारण देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान तेजी से विकास कर रहे दक्षिण एशियाई देश के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जून और जुलाई को मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।

### तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे तक (24 घंटे की अवधि के दौरान) तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमश: 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उधगमंडलम (ऊंटी), तेनकासी, होगेनक्कल जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।

## नए आपराधिक कानूनों पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था।

## इंजन में आग लगने से विमान की आपात लैंडिंग

बेंगलुरु, एजेंसी

- बेंगलुरु से कोच्चि जा रही थी एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट
- विमान में सवार थे 179 यात्री व चालक दल के 6 सदस्य

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि 18 मई को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान IX 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

## एक नजर

### नीरज चेस्ट केयर सेंटर का हुआ उद्घाटन



**शाहजहांपुर।** डॉ. शुभम जैन के चेस्ट केयर सेंटर का उद्घाटन उनके पिता नीरज जैन व डॉ. सुनील अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. जैन टीवी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ हैं। रविवार को हुए कार्यक्रम में डॉ. यूडी कपूर, डॉ. नीना कपूर, डॉ. परविंदर सिंह, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. आरएस गेरा, डॉ. बृजेंद्र सक्सेना, डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. अनूप अग्रवाल, डॉ. पुनीता अग्रवाल, डॉ. एसके जैन उपस्थित रहे। इसके अलावा समाजसेवी विवेक तुली एवं अनुपम सिंह भी उपस्थित रहे। डॉ. शुभम जैन एवं उनकी पत्नी डॉ. श्रुति अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एक जून से सक्रिय होगा बाढ़ कंट्रोल रूम

**शाहजहांपुर।** बाढ़ से निपटने के लिए एक जून से बाढ़ और सूखा कंट्रोल रूम सक्रिय हो जाएगा। अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड सुनील कुमार भास्कर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी सूखा व बाढ़ से निपटने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। 1 जून से 31 अक्टूबर तक कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। इसकी स्थापना शारदा नहर खंड के पुवायां मार्ग स्थित कार्यालय में की गई है। कंट्रोल रूम का फोन नंबर 05842-222910 है। सूखा व बाढ़ से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत की सूचना इस नियंत्रण कक्ष को दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला करेगा। सूखा व बाढ़ नियंत्रण कक्ष की प्रभारी सहायक अभियंता तृतीय नेहा वर्मा रहेंगी, जिनका मोबाइल नंबर 7355703129 है।

## प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत होगा कार्य, डीसीआर पैनल पर मिलेगी सब्सिडी

# सोलर ऊर्जा से जगमगाएंगे घर, 20 हजार घरों में लगेंगे सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अब तक 1625 उपभोक्ताओं ने किया पोर्टल पर आवेदन

**अमृत विचार:** जिले के 20 हजार घरों में सोलर ऊर्जा सिस्टम लगाए जाएंगे। योजना के तहत अब तक 1625 घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है। 26 उपभोक्ताओं की ओर से 140 किग्रा सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना कराई गई है।

योजना की जानकारी देते हुए पीओ नेडा राम आधार ने बताया कि पीएम सूर्य योजना के अंतर्गत जनपद में 20 हजार घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत 300 यूनिट की बिजली (03 किलोवाट सोलर रूफटॉप की स्थापना पर) के साथ ही उपभोक्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। सब्सिडी प्रावधान केवल डीसीआर पैनल पर ही उपलब्ध है। अर्थात घरेलू उपभोक्ता अपने स्वीकृत विद्युत भार 1 से 10 किलोवाट तक का जो भी स्वीकृत हो उस क्षमता के बराबर का सोलर रूफटॉप लगा सकते हैं। नॉन डीसीआर पैनल लगाने पर उपभोक्ता सब्सिडी का पात्र नहीं होगा, लेकिन उनके आवेदन भी पोर्टल पर स्वीकार्य होंगे। अर्थात वाणिज्यिक उपभोक्ता को सब्सिडी देय नहीं होगी।



### 1 से 2 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा 75 प्रतिशत अनुदान

1 से 2 किलोवाट विद्युत भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 75 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। दो किलोवाट के सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना पर लाभार्थी का अनुमानित व्यय पर 1,20,000 आता है। जो भी सोलर रूफटॉप लगाएगा, उसको पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थी को बैंक की ओर से ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

### तीन किलो क्षमता का सोलर रूफटॉप लगाने पर मिलेगा सात प्रतिशत ब्याज

तीन किलो ग्राम क्षमता तक के सोलर रूफटॉप की स्थापना कराने के लिए बैंकों द्वारा उपभोक्ता को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जनपद में यूपी नेडा मुख्यालय से वेंडर के रूप में चार कंपनियों को जोड़ा गया है।

## बच्चों ने धरा फलों का वेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गुरु नानक पाठशाला कन्या हाई स्कूल में शनिवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग कर जमकर मस्ती की। प्रधानाचार्य ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

इस अवसर पर कक्षा एक और दो के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें नन्हें-मुन्नों ने फलों की वेशभूषा में तालियां बटोरीं। कक्षा तीन, चार और पांच के बच्चों ने फिल्मी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

वहीं, जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ले कविता पाठ किया। साथ ही समूह नृत्य के माध्यम से वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्या हरमीत कौर ने बच्चों को छुट्टियों में नियमित पढ़ाई करने के साथ धूप से बचाव करने को जागरूक किया। कार्यक्रम में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही रंगारंग कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों को चॉकलेट बांटी गईं।



प्रधानाचार्या हरमीत कौरके साथ फैंसी ड्रेस के प्रतिभागी बच्चे।

# उपहारों की सूची पर हस्ताक्षर रोकेंगे दहेज उत्पीड़न के मामले

## हाईकोर्ट के निर्णय पर बुद्धिजीवियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया, शादियों में मिलने वाले उपहारों की सूची बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** दहेज उत्पीड़न के बढ़ते केस देखते हुए अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्णय लिया है कि शादियों में वर और वधू पक्ष को दिए जाने वाले उपहारों की सूची तैयार की जाए और उस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर भी कराए जाएं।

इससे दहेज के निरर्थक मुकदमों से बचने में मदद मिलेगी। शादी-ब्याह में उपहार दिए जाने के रिवाज को देखते हुए कोर्ट ने यह भी कहा है कि विवाह के समय दुल्हन और दूल्हे को दिए जाने वाले उपहार दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत दहेज नहीं माना जाएगा और दहेज निषेध नियम- 1985 में दिए गए एक नियम के तहत वर-वधू को मिलने वाले उपहारों की सूची बनानी चाहिए। हाईकोर्ट के इस विचार को बुद्धिजीवियों और जानकारों ने अपने ढंग से लिया है। किसी ने इसका स्वागत किया है, तो किसी ने इसे सिरे नकारते हुए अपना तर्क दिया है। कुछ कहा कि इस व्यवस्था से निश्चित रूप से दहेज उत्पीड़न के मुकदमों में कमी आएगी। वहीं, यह भी कहा गया कि दहेज को उपहार का रूप देकर इसे अच्छा साबित नहीं किया जा सकता। दहेज प्रथा खत्म करने के लिए युवाओं को सोच बदलनी पड़ेगी और इसके लिए वातावरण निर्मित करना होगा। युवक-युवतियां स्वयं आगे आकर दहेज की विरोध करते हुए उदाहरण प्रस्तुत करें, तभी रोक लग सकती है।



हाईकोर्ट ने दहेज मामले में उपहारों की सूची बनाए जाने की जो बात कही है, उससे निश्चित रूप से दहेज उत्पीड़न के मामले में कमी आएगी। यह व्यवस्था पहले से ही थी, लेकिन समाज में इसका चलन नहीं है, इसलिए कोर्ट ने इस पर अब अमल करने पर जोर दिया है। उपहारों की सूची बनने पर दोनों पक्षों के उस पर हस्ताक्षर कराए जाएंगे, इससे दोनों पक्षों को असलियत पता होगी और भविष्य में वह दहेज उत्पीड़न की घटनाओं और फर्जी मुकदमेबाजी से बचने का प्रयास करेंगे। वैसे भी दहेज की मांग करना अपराध की श्रेणी में है।
-डॉ. जय शंकर ओझा, प्राचार्य एसएस विधि महाविद्यालय



हाईकोर्ट का आदेश दहेज उत्पीड़न के मामले में कारगर साबित होगा। खासतौर पर झूठ बोलकर और गलत तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कराते हैं, उसमें कमी आएगी। मुस्लिम समाज में निकाह के दौरान मिलने वाले उपहारों की सूची बनाई जाती है, वैसे ही हिंदू समाज में भी बनाई जानी चाहिए। विवाद की स्थिति में समझौता कराते वक्त यह सूची बहुत काम में आ सकती है। जब उपहारों की सूची बनी होगी, तब लोग आपस में लेनदेन के झूठे आरोप एक-दूसरे पर नहीं लगा सकेंगे। इस तरह झूठे मुकदमें लिखना बंद हो जाएंगे।
-संजीव कुमार अग्निहोत्री, पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन



दहेज लेना-देना दोनों जुर्म हैं, तो उपहार का नाम देकर दूसरा रास्ता कैसे खोला जा सकता है। जरूरी यह है कि समाज के उन लोगों को ऐसे मामलों में दखलंदाजी करनी चाहिए, जिनकी बात लोग मानते हों। इसके अलावा बच्चों को शिक्षित किया जाना चाहिए, युवाओं को दहेज के विरोध में ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए, जो समाज का वातावरण अपने ढंग से सृजित कर सकें। युवक और युवतियां ही आगे आकर दहेज का खुलकर विरोध करें और अपने परिवार को समझाएं। सिर्फ उपहारों की सूची बनाने से कोई लाभ नहीं होगा।
-डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री, शिक्षाविद



विवाह के समय वर-वधू पक्ष को दिए जाने वाले उपहारों की सूची बनना जरूरी है, इसका लाभ भविष्य में मिल सकता है। सूची में जब दोनों पक्षों की स्वीकारोक्ति होगी और हस्ताक्षर होंगे, तब वह झूठ नहीं बोल सकेंगे और झूठा मुकदमा भी नहीं लिखा जाएगा। कानूनी लड़ाई में अनावश्यक आरोप नहीं लगाए जा सकेंगे। दोनों पक्षों में भय रहेगा। इससे उत्पीड़न की घटनाएं कम होंगी। आपस में समझौता की स्थिति में उपहारों की सूची होने पर सामान वापसी करने और कराने में सहयोग मिलेगा। हाईकोर्ट का निर्णय इस मायने में बेहतर है।
-नीतू गुप्ता, समाजसेवी

### सन्मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है श्री राम का चरित्र

**खुटार, अमृत विचार:** गांव सिल्हुआ में बावन गंगा स्थित धार्मिक स्थल पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य लक्ष्मीनंदन शुक्ला ने श्री राम के जन्म का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्म धर्म की स्थापना करने के लिए हुआ। उनका जीवन चरित्र लोगों को सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है इसीलिए वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए। सदस्यों ने बताया कि भागवत कथा में गांव अंडहा, सिल्हुआ, खंडसार, पिपरिया वीरसिंहपुर, सौफरी, मलिका आदि गांवों से भक्त पहुंच रहे हैं। कथा 21 मई तक चलेगी। 22 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के सदस्य पुजारी, गुड्डू बाजपेई, ज्ञानेश दीक्षित, दयाशंकर मिश्र, आशुतोष मिश्र, ऋषि अवस्थी, विनोद त्रिवेदी, हरिओम शर्मा, मंदीप मिश्रा, रितेश तिवारी और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग रहा।

# महानगर में नन्हे-मुन्नों के लिए खुला हॉबी टाउन



खिरनीबाग में हॉबी टाउन का फीता काटकर उद्घाटन करतीं महापौर अर्चना वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संगीता मोहन।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महापौर और भाजपा महानगर अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** महानगर स्थित किडजी प्री-स्कूल खिरनीबाग में रविवार को हॉबी टाउन (ऑफ्टर स्कूल एकेडमी) का प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संगीता मोहन ने विद्यालय की संचालक रोशनी गुप्ता और एकेडमी की को-आर्डिनेटर शिवानी जौहरी के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर उद्घाटन किया।

अकादमी संचालिका रोशनी गुप्ता ने बताया कि एकेडमी की स्थापना का मकसद बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम का सदुपयोग करना है। एकेडमी में 12 प्रकार की अलग-अलग एक्टिविटीज शामिल हैं, जिसमें स्केटिंग, चेस, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, अबेकस इंग्लिश स्पीकिंग, रोबोटिक कोडिंग, डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश हिंदी हैंडराइटिंग, स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम शामिल हैं। संचालक अभिनव ओमर ने बताया कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न एक्टिविटीज बच्चों के लिए संचालित की जा रही हैं। उद्घाटन अवसर पर उद्योगपति कृष्ण कुमार गर्ग, लघु उद्योग भारती के संभाग मंत्री राकेश अग्रवाल, आईआईए के चैप्टर चेयरमैन गुरजीत मोंगा, शुभम खन्ना, अश्लील सिंह, जेसीआई अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, अंकित मिश्रा, कामेश वर्मा, सचिन अग्रवाल, अंकित गुप्ता, भुवन बंसल, रितेश खंडेलवाल, अंकित बग्गा, नितिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, राज नारायण गुप्ता, अजय गुप्ता आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# मेरठ में राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में ओशीन ने जीता गोल्ड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सम्मानित कर दी शाबासी

**अमृत विचार:** मेरठ में 10 से 13 मई तक राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के तारीन टिकली की काकोरी शूटिंग रेंज की शूटर ओशीन अनेजा ने चैंपियन ऑफ चैंपियन ट्रॉफी और गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले भी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में भी ओशीन और वंश सैनी ने गोल्ड मेडल जीतकर काकोरी रेंज का नाम रोशन किया। इस दौरान काकोरी शूटिंग रेंज के कोच विनय कुमार ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र सिंह बमनिया ने बच्चों को शनिवार को सम्मानित करते हुए शाबासी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शूटिंग कोच विनय कुमार को बधाई दी।

इस अवसर पर शूटिंग रेंज के निदेशक डॉ. रिज़वान खान और खिलाड़ियों के माता-पिता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कोच विनय कुमार को धन्यवाद दिया।



साथी व कोच के साथ ओशीन। • अमृत विचार

## समाज ने कबूल नहीं किया निकाह, हुक्का-पानी बंद

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** जलालाबाद नगर के एक युवक और युवती को मर्जी से निकाह करना भारी पड़ गया। बिरादरी के लोगों ने दोनों का हुक्का-पानी बंद कर दिया। और तो और अब बिरादरी में पर्चे बांट रहे हैं। पीड़ित दंपती ने मुख्यमंत्री और एसपी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला नवीन नगर निवासी शबाना पत्नी शफीक ने एसपी और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि हम लोगों ने मर्जी से वर्ष 2023 में निकाह किया था। इस बात से बिरादरी के लोग नाराज हो गए। आरोप है कि जब से निकाह किया तब से उनका हुक्का पानी बंद कर दिया गया। जिसके पर्चे उन्होंने पूरी बिरादरी में बांट दिए जो कि गैर कानूनी है। यह लोग नाते रिश्तेदारी में जाने पर खाने-पीने नहीं देते हैं और खाने से उठा देते हैं और हमारी बदनामी व बेइज्जती करते हैं। हुक्का पानी खोलने के नाम पर 10 लाख रुपये की मांग करते हैं। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित दंपती ने न्याय की गुहार लगाई है।



पीड़ित दंपती।

- पीड़ित दंपती ने मुख्यमंत्री और एसपी को पत्र भेज कर लगाई न्याय की गुहार

## जांच से आगे नहीं बढ़ पा रही कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** हैंडपंप रिबोर घोटाले में कार्रवाई जांच से आगे नहीं बढ़ पा रही है। चार महीने से आए दिन किसी ने किसी ब्लॉक में जांच होती हैं। लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकल पाया है। जिससे जांच पर सवाल उठने लगे हैं।

दो मई को जैतीपुर ब्लॉक में रिबोर कराए गए हैंडपंपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम पहुंची थी। टीम ने आलमपुर में पांच, बिनौरा बिनौरिया में सात रिबोर किए गए हैंडपंप की जांच की। जिममें से एक नया रिबोर श्याम सिंह के यहां पाया गया। मरेना गांव में जांच करवाने के लिए प्रधान और सेक्रेटरी नहीं पहुंच पाए थे।

रिबोर में घोटाले का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। इसके बाद डीएम ने एसडीएम दुर्गेश यादव की देखरेख में जांच समिति बनाई है।

# घर-घर पहुंचीं टीमें, बकायेदारों से किया तगादा

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक की ओर से विशेष ऋण वसूली अभियान चलाया गया। जिले की 22 शाखाओं और मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त कर रविवार को अवकाश के दिन भी टीमों ने घर-घर जाकर बकायेदारों से तगादा किया। बैंक की ओर से नोटिस भी निर्गत किए जा रहे हैं। ऋण अदायगी न होने की दशा में कुर्की व गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है।

रविवार को बैंक के सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी के निर्देश पर जिला सहकारी बैंक की 22 शाखाओं और मुख्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों को जनपद की 115 सहकारी समितियों का नोडल अधिकारी नियुक्त कर ऋण वसूली के लिए टीमों का गठन किया गया। टीमों ने प्रातः सात बजे से सायं 5:30 तक बकायेदारों के घर-घर जाकर इस दौरान कुछ बकायेदारों ने ऋण की अदायगी भी की। ऋण अदा ना करने वाले बकायेदारों को नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर ऋण अदा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा रिकवरी वारंट जारी कराए जाएंगे। यदि फिर भी ऋण जमा न किया तो गिरफ्तारी भी हो सकती। एक मई से 30 जून तक बैंक का विशेष वसूली अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए टीमों का गठन किया गया है। बकायेदार समय से अपना ऋण जमा कर दें, वरना उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



बकायेदारों से वसूली करते अधिकारी। • अमृत विचार

- जिला सहकारी बैंक ने चलाया विशेष ऋण वसूली अभियान










खेलकूद

## फाइनल मुकाबले में रिजवान स्पोर्टिंग को 13 रन से दी शिकस्त

# शाहजहांपुर क्रिकेट लीग पर कैंट क्लब का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले कृभको मैदान पर खेली जा रही शाहजहांपुर क्रिकेट लीग कैंट क्लब ने जीत ली है। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में उसने रिजवान स्पोर्टिंग को 13 रनों पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

लीग का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरा रहा। कैंट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवरों में सभी विकेट खोकर 142 रन बनाए, जिसमें अनिल ने 37 और नईम ने 20 रनों का योगदान दिया। रिजवान स्पोर्टिंग की ओर से अनुज गुप्ता ने चार और रिजवान ने दो विकेट लिए। जीत के लिए मिले 143 रनों का पीछा करने उतरी रिजवान स्पोर्टिंग की टीम संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम 129 रन बनाकर आउट हो गयी। आदित्य राजपूत ने सर्वाधिक 21 रन, तारिक ने 18 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से आमिर ने चार और सागर ने तीन विकेट लिए। विजेता टीम की ओर से चार विकेट लेने वाले आमिर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। फाइनल मैच की अंपायरिंग फरीद और शोभित वाजपेई ने की। समापन पर मुख्य अतिथि कृभको फर्टिलाइजर के संयुक्त महाप्रबंधक हितेश कुलश्रेष्ठ और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने विजेताओं को शील्ड और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर टूर्नामेंट के को-आर्डिनेटर मनोज यादव, अध्यक्ष वीवी जौहरी, सचिव आलोक मिश्रा, फिरोज, नूर आलम आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्राफी देते कृभको अधिकारी हितेश कुलश्रेष्ठ। • अमृत विचार

- कृभको फर्टिलाइजर के अधिकारी ने बांटे पुरस्कार

### ऑलराउंडर खिलाड़ी का पुरस्कार अनुज को मिला



टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी करने वाले अपूर्व को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, आमिर को बेस्ट बॉलर और अनुज को ऑलराउंडर खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

# तस्वीर आंखों में अधूरी है अभी मेरी कसम पलकें उठाकर देखिए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शायर निशात पीलीभीती की स्मृति में साहित्यिक गोष्ठी में शायरों ने सुनाए कलाम


**अमृत विचार:** शायर निशात पीलीभीती की स्मृति में रविवार को मोहल्ला मोहम्मदजई स्थित वरिष्ठ शायर खालिद अल्वी के आवास पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय शायरों ने गजलों से सभी को आनंदित करते हुए वाहवाही लूटी।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ अख्तर शाहजहांपुरी ने सुनाया- अंधेरा ही मुझे रास आ गया है, उजाला तो सदा देता है अब भी। खालिद अल्वी ने कहा- एक चादर में सिमट सकता है इंसां का वजूद, खुद को फैलाए तो ये सारा जहां कम है।

असगर यासिर ने कहा- जर्रा जर्रा में हवाओं के रुख बदलते हैं, कहां से लाए कोई हौसला उड़ानों का। हमीद खिजर ने गुनगुनाया- तुमने बदला नहीं अगर लहजा, कर्ब बख्शेगा उम्र भर लहजा। शाहिद रजा ने सुनाया- कुछ कीमती पत्थर यहां रस्ते में पड़े हैं, बस्ती में कोई अहले नज़र है कि नहीं है।

राशिद नदीम ने तरन्नुमी लहजे में गुनगुनाया-कितने अपनों को खो चुका हूं मैं, साफ अब आईना करे न कोई। राशिद हुसैन राही ने कहा- आपकी तस्वीर आंखों में अधूरी है अभी, आपको मेरी कसम पलकें उठाकर देखिए। शायरा गुलिस्तां खान ने अपनी बात इस तरह रखी- कभी थीं रौनकें इस गांव में अब, बस इक खस्ता मकां है और मैं हूं। शाहिद रजा के संचालन में चली गोष्ठी में मेजबान खालिद अल्वी ने आभार व्यक्त किया।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# सीजन की सबसे गर्म रही शनिवार की रात

## 26.2 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान, रविवार को दिन में 43 डिग्री पहुंचा तापमान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **गर्म हवा और तेज धूप से सड़कों पर शाम तक पसरा रहा सन्नाटा**
- **तीसरे सप्ताह तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ज्यादा नहीं रहा**

**अमृत विचार:** जिले में गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह रात इस साल सीजन की अब तक की सबसे गर्म रात रही। दूसरी ओर रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बीते सालों की अपेक्षा इस बार मई का तापमान दो डिग्री ज्यादा है। बीते सालों के दौरान जिले में मई के तीसरे सप्ताह तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ज्यादा नहीं रहा है। दूसरी ओर भीषण गर्मी के बीच बिजली की लुकाछिपी लोगों को परेशान कर रही है। कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठीक है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई ठीक से नहीं हो रही है। जिसके चलते लोग गर्मी में उबल हैं। खासकर उस तबके को परेशान होना पड़ रहा है जिनके पास इंवर्टर, जनरेटर और सौर्य ऊर्जा की व्यवस्था नहीं है। प्रशासन हीट वेब से बचाव को लगातार अभियान चला रहा है। इसके बाद भी लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। डॉक्टरों के पास मरीजों की भीड़ लग रही है।

शाहजहांपुर में शनिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था। इसी तरह शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री था। शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई थी, हालांकि सोमवार से गुरुवार तक अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान भी जताया है। शाहजहांपुर में रविवार सुबह जैसे ही सूर्योदय हुआ, भीषण गर्मी हो गई।

सुबह आठ बजे ही धूप इतनी तेज थी कि जैसे दोपहर बारह बजे हों। दोपहर 12 बजे तो गर्म हवा के थपेड़े सहन ही नहीं हो रहे थे। गर्म हवा और तेज धूप की वजह से सड़कों पर शाम 5 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। बाजार में चहल पहल तो बहुत ही कम रही।



गर्मी से बचने के लिए चेहरे पर मास्क लगाकर जाती युवती। ● अमृत विचार

गन्ना शोध परिषद के मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि शनिवार की रात इस सीजन की अब तक की सबसे गर्म रात रही। रात का तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही इस साल इस सीजन का सबसे गर्म दिन शनिवार रहा था। इस दिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। बताया जा रहा है कि इन दिनों सामान्य अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम सामान्य तापमान 25 डिग्री माना जाता है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा।

### कूलर, एसी की बिक्री तेज

गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलर और एसी की डिमांड बढ़ने लगी है। एक अनुमान के मुताबिक, शाहजहांपुर जिले में हर रोज 200 से अधिक एसी और करीब 700 कूलर रोज बिक रहे हैं। ऐसा पिछले तीन दिनों से हुआ है। गर्मी के मौसम में बिजली उपकरणों का ज्यादा उपयोग होने से ट्रांसफार्मर पर लोड बहुत अधिक हो जाने से ट्रांसफर में जलने का बड़ा खतरा रहता है। इस भीषण गर्मी में बिजली आए दिन कहीं न कहीं फाल्ट हो जाता है। जिससे बिजली ठप हो जाती है और लोगों को परेशान होना पड़ता है।

### वायरल फीवर भी पसार रहा पैर

भीषण गर्मी के बीच वायरल फीवर भी इन दिनों तेजी से फैल रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में बेड फुल चल रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की संख्या में दिन पर दिन इजाफा हो रहा है। बुखार, सिर दर्द, सांस लेने में परेशानी, पेट संबंधी बीमारी और स्किन फंगल के रोगी पहुंच रहे हैं। मेडिकल कालेज की बात करें तो ओपीडी में मरीजों की संख्या तीन गुना हो गई है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. एमएल अग्रवाल का कहना है कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें। इन दिनों पेट की बीमारी, बुखार और डिहाइड्रेशन की परेशानी सबसे ज्यादा होती है। गर्मी होने के कारण पसीना ज्यादा आता है। लोग जरूरत के अनुसार पानी पिएं।

### भीषण गर्मी में सितम ढा रही बिजली

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ गई है। इस वजह से ट्रांसमिशन से लेकर डिस्टीब्यूशन सिस्टम तक हांफने लगा है। शाहजहांपुर जिले में बिजली की साढ़े तीन सौ मेगावाट से मांग बढ़ गई है। ऐसे में ट्रिपिंग तथा आपात कटौती बढ़ने लगी है। शाहजहांपुर के बहादुरगंज विद्युत उपकेंद्र के कचहरी फीडर पर ओवरलोड में जंफर जलने से ढाई घंटे अधिक मांग बढ़ने से 33 केवी लाइन के तारों का बिजली सप्लाई लो वोल्टेज टूटना शुरू हो गया है।

### पांच दिनों का पूर्वानुमान

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 20 मई | 42.8 | 26.8 |
| 21 मई | 43.0 | 27.0 |
| 22 मई | 42.0 | 26.0 |
| 23 मई | 42.1 | 26.6 |
| 24 मई | 42.3 | 27.2 |

### आज भी रहेगी गर्मी

गन्ना शोध परिषद के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि सोमवार को भी गर्मी रहेगी। बताया कि गर्म हवा से त्वचा झुलस सकती है। बताया कि जरूरी न हो तो लोग घरों से बाहर न निकलें। अगर घर से निकलें तो गमछे से सिर पूरी तरह से ढक लें। पूरी आस्तीन की शर्ट पहनें। पानी की बोतल साथ रखें। आंखों पर अच्छी गुणवत्ता का चश्मा जरूर पहनें।

### नींबू पानी और फलों का सेवन देगा एनर्जी

भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने में नींबू पानी और फल लाभदायक बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि एक गिलास नींबू पानी या फिर किसी भी फल का जूस पीकर ही घर से बाहर निकलें। सर्द-गर्म से बचने के लिए कभी भी बाहर से आकर फ्रिज का ठंडा पानी या जूस ना पिएं। डिहाइड्रेशन से बचे रहना है तो डाइट में अधिक से अधिक रसदार और पानी से भरपूर फलों को शामिल करें। गर्मी में मिलने वाले फल जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, अंगूर, संतरा आदि का सेवन करें। गर्मी में इन फलों को खाकर आप सारा दिन एक्टिव और एनर्जी से भरपूर तो रहेंगे।

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष आए आमने-सामने, फायरिंग

**बंडा, अमृत विचार:** बंडा में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार सुबह दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों में मारपीट होने के बाद कई राउंड हवाई फायरिंग भी हो गई। पुलिस के पहुंचने पर लोग फरार हो गए। बाद में एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जबकि दूसरे पक्ष ने भी मारपीट और फायरिंग का आरोप लगाया है।

बंडा थानाक्षेत्र के गांव नभीची निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके चचेरे भाई की कुछ दिन पूर्व गांव के ही तुषार से कहासुनी हो गई थी। जिससे वह रंजिश मानने लगा था। रविवार को सुबह 9 बजे के करीब जब शिकायतकर्ता खेत में धान की पौध डाल रहा था, तभी तुषार अपने साथी रजनीश कुमार व आदेश के साथ लाठी डंडे लेकर पहुंचा। सभी गाली-गलौज करने लगे। आपत्ति जताने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी मारपीट कर हवाई फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया।

विपिन कुमार की ओर से दिए गए शिकायती पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि दूसरा पक्ष सामने नहीं आया है। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **राकेश कुमार मौर्य**, प्रभारी निरीक्षक

## एक नजर

### जमीन के विवाद में दंपती समेत तीन को लाठी डंडों से पीटा

**कलान।** परौर थाना क्षेत्र के गांव छोटा बम्हौरा निवासी सूरजपाल शनिवार रात नौ बजे भैंस का दूध निकालने जा रहे थे। रास्ते में गांव का ही एक व्यक्ति मिल गया, जिनसे उसका जमीन का विवाद चल रहा था। इसी बीच आरोपी ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और लाठी डंडों से उसे पीटने लगे। जब उसकी पत्नी गुड्डी एवं पुत्री नीलम बचाने आई तो हमलावरों ने उसको भी पीट दिया। जिससे वह घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान पर लाया गया। जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

### भूमि पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद, मारपीट

**पुवायां।** गंगासरा में भूमि पर कब्जा को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया इसके बाद जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। गंगसरा में खुटार रोड पर रोड चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाया गया था जिसमे एक दुकान आधी तोड़ दी गई। शनिवार की रात इसी दुकान व उसके पीछे की भूमि को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद जमकर मारपीट हुई। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांति भंग करने आशंका को लेकर कार्रवाई कर दी।

### घर में घुसकर मारपीट में आठ लोगों पर केस

**पुवायां।** पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी रंजीत कुमार पुत्र ब्रह्म प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 13 मई को लगभग साढ़े आठ बजे वह अपने घर पर बैठा था, तभी मंजेश, पुष्पा देवी पत्नी मंजेश, निशान, अनामिका पुत्री मंजेश निवासी रहदेवा और शिवसागर, अभिषेक, विनीत, शिवसागर निवासी मोहल्ला रामनगर थाना बंडा घर में घुस आए। आरोपियों ने उससे मारपीट की। शोर शराबा सुनकर बचाने आए भाई संजीव को भी पीट दिया। मारपीट में उसका दांत और जबड़ा टूट गया था। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घायल महिला की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर।** एक सप्ताह पूर्व एक महिला बाइक से टकराकर घायल हो गई थी। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। रविवार को उसकी मौत हो गई। खुटार थाना क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी शहनाज बानो(52) अपने पति छोटे अली के साथ 14 मई को दवा लेने बाइक से जा रही थी। वह खुटार में तिकुनिया पर बाइक से उतरकर सड़क के किनारे खड़ी हो गई थी। बाइक ने महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# रोडवेज बस अड्डे के पास बेहोश मिला युवक, मौत



रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते रिश्तेदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, कलान

- **लोगों की सूचना पर भर्ती कराने पहुंची एंबुलेंस में तोड़ा दम**
- **परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिस पर पुलिस ने पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिया।



मृतक संतोष

नगर के मोहल्ला रामलीला मैदान निवासी राम रईस का पुत्र संतोष शनिवार दोपहर बाद रोडवेज बस अड्डे के पास बेहोश पड़ा था। लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से भर्ती कराने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी संतोष ने दम तोड़ दिया। कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गई और पंचनामा भरने के लिए मृतक के परिजनों से कहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के लिए मना कर दिया। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की शादी 2016 में बिहार प्रांत के कुशीनगर जनपद से तारा देवी के साथ हुई थी, जिसके दो बच्चे शिवांश 6 वर्ष अंशुल 4 वर्ष हैं। पत्नी तारा का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि वह नशे का आदी था।

# हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार

**मदनापुर, अमृत विचार:** पुलिस ने बलवा हत्या के प्रयास मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि दो मई को मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव पेहना निवासी विपिन ने कल्लू निवासी पेहना थाना मदनापुर समेत सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विपिन के चचेरे भाई रिंकू व रामू को लाठी आदि से प्रहार करके घायल कर दिया था। पुलिस को रविवार की दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि आरोपी कल्लू बुधवाना पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।



आरोपी कल्लू

# तस्कर गिरफ्तार, 210 ग्राम अफीम बरामद

**जैतीपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जैतीपुर पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 210 ग्राम अफीम बरामद की है।

जैतीपुर एसओ अवधेश कुमार सिंह को रविवार सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि कस्बे में एक मादक पदार्थ तस्कर घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर प्रदीप कुमार निवासी कुबेर गौटिया थाना गढ़िया रंगीन है। पुलिस ने उसके पास से 210 ग्राम अफीम बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि अफीम खेड़ा बझेड़ा गांव के रमेश से खरीदी थी, जो फतेहगंज पूर्वी बरेली का रहने वाला है। वह ढाबे के आस-पास बेचता है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, श्रीकुमार गौरव, अक्षय कुमार थे।

# गर्मी में डायरिया व हीट स्ट्रोक ने पसारे पांव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मेडिकल कॉलेज में बढ़ी मरीजों की संख्या, डॉक्टर दे रहे सावधानी बरतने की सलाह**
- **ट्रामा सेंटर में चौबीस घंटे में भर्ती हो रहे करीब 70 मरीज रोजाना बन रहे 1600 पर्चे**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में डायरिया तथा हीट स्ट्रोक ने पांव पसारना शुरू कर दिए है। मेडिकल कॉलेज व प्राइवेट अस्पताल में डायरिया के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डायरिया का सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ रहा है। चिकित्सकों की माने तो डायरिया एक जल जनित बीमारी है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज 330 बेड का अस्पताल है। जबकि मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर चालीस बेड अतिरिक्त पड़े है। वर्तमान समय ओपीडी में एक दिन में 1600 मरीज आ रहे है, जिसमें बुखार, डायरिया, पेट दर्द आदि के मरीज होते है। ट्रामा सेंटर में चौबीस घंटे में करीब सत्तर मरीज भर्ती हो जाते है। भीषण गर्मी को लेकर डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ गयी है। एक दिन में करीब में डेढ़ सौ डायरिया के मरीज ओपीडी में आ जाते है। इसके अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के यहां भी डायरिया तथा पेट दर्द के मरीजों की भीड़ रहती है। मेडिकल कालेज में बेड के लिए मारामारी है। बच्चों के साथ-साथ बड़ों में भी डायरिया के मरीज काफी तेजी से फैल रहा है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के अनुसार डायरिया एक जल जनित बीमारी है। गर्मी के कारण लोग राह चलते इधर-उधर का पानी पी लेते है। इस मौसम में शुद्ध पानी पीना चाहिए।



मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ सलीम बताते है कि ओपीडी में डायरिया के रोज 150 मरीज आ जाते है, जिसमें बच्चे तथा बड़े भी शामिल है।

### डायरिया से बचाव को शुद्ध पानी के साथ पिए ओआरएस

उल्टी, दस्त आने पर ओआरएस को शुद्ध पानी पानी के साथ मिलाकर बराबर पीना चाहिए, आरओ न होने पर पानी को उबालकर ठंडा करके पानी पिए, बासी खाना खाने से बचे, खुले में रखे खाद्य पदार्थों का न खाए, धूप से आने के बाद तुरंत ठंडा पानी न पिए।

गर्मी को लेकर ओपीडी में डायरिया और पेट दर्द के मरीज अधिक आ रहे है। प्रयास रहता है कि सभी मरीजों को बेड मिले। जरूरत पड़ी तो और बेड की व्यवस्था की जाएगी। -**डॉ. नेपाल सिंह**, सीएमएस मेडिकल कॉलेज

सीरियस मरीजों को भर्ती कर लिया जाता है। यदि उल्टी तथा दस्त की शिकायत हो डॉक्टर को दिखाकर दवा लेनी चाहिए।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव, चेहरे पर चोट के निशान

संवाददाता, खुटार

- **ठेका देसी शराब के पास प्लॉट में पड़ा था शव**
- **फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य नहीं हो पाई शिनाख्त**

**अमृत विचार:** खुटार में संदिग्ध हालात में एक युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के साथ ही युवक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखवा दिया गया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा जुटाए।

मेन मार्केट जाने वाले मार्ग पर ठेका देसी शराब है। इसके पास में ही खाली जगह में पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता की दुकान है। रविवार सुबह सात बजे दुकान के पास प्लॉट में संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया। पूछताछ के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया। युवक के चेहरे पर चोट का निशान भी था। जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही थी।

पुलिस का कहना है कि युवक शराब के नशे में होगा और पेशाब करने दुकान के पास आया। इससे लड़खड़ाकर गिर गया और सिर के बल गिरने से चेहरे पर चोट लग गई। इससे इसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इसके बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। हालांकि पुलिस युवक की शिनाख्त करने के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है।



घटनास्थल पर जांच करते थानाध्यक्ष संजय कुमार व मौजूद लोग।

सूचना पर मौके पर पहुंचा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में रखवाया गया है।- **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**तिलहर।** दी किसान सहकारी चीनी मिल के सामने रेलवे लाइन पार करते समय डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु हो गई थी। जिसकी शिनाख्त नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी अंकित के रूप में हुई है। शनिवार को देर शाम शाम 6:30 बजे दी किसान सहकारी चीनी मिल के सामने रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उसकी उम्र लगभग 25 साल थी। सूचना पर कोतवाल विशाल प्रताप सिंह पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भिजवाया। कोतवाल ने बताया की ट्रेन की चपेट में आकर जिसकी मौत हो गई थी, जिसकी शिनाख्त अंकित पुत्र पासीराम मोहल्ला निजामगंज तिलहर के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

हाय गर्मी

**ओवरलोड के कारण थाने के नजदीक और बंडा चौराहा पर बिजली लाइन में आया फॉल्ट**

# ट्रांसफार्मर के जंफर उड़े, साढ़े तीन घंटे गुल रही पांच हजार घरों की बत्ती

संवाददाता, खुटार

- **लाइनमैन के कई बार संभालने के बाद भी हुई दिक्कत**
- **खुटार विद्युत उपकेंद्र पर नगर के करीब 45 सौ कनेक्शन है**

**अमृत विचार:** तेज धूप के साथ गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। साथ ही बिजली ट्रिपिंग और खराबी के चलते महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार रात को थाने के नजदीक और बंडा चौराहे के पास रखे ट्रांसफार्मर के जंफर उड़ गए। लाइन में खराबी की सूचना पर लाइनमैन पहुंचे। जहां लाइन को सही कर फिर से जोड़ा गया। लेकिन ओवरलोड के चलते जंफर फिर से उड़ गए। यह हालात करीब साढ़े तीन घंटे रहे जिससे करीब पांच हजार घरों में बिजली गुल रही। इससे लोगों को गर्मी में दिक्कतों के बीच रात काटनी पड़ी। बिजली कर्मचारियों के काफी प्रयास के बाद साढ़े दस बजे लाइन शुरू हो पाई, तो लोगों ने राहत की सांस ली।

खुटार विद्युत उपकेंद्र पर नगर के करीब 45 सौ से पांच हजार कनेक्शन है। जहां गर्मी में ट्रिपिंग और लाइन खराब होने की समस्या आए दिन रहती है। अधिकारियों को बताया लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। खुटार विद्युत उपकेंद्र के जेई प्रमोद कुमार ने बताया कि ओवरलोड के कारण लाइन टूटने के साथ ही ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है। बिजली उपकरण खुले छोड़ देन से समस्याएं है। ओवरलोड से शनिवार रात करीब सात बजे थाने के पास रखे ट्रांसफार्मर के जंफर उड़ गए थे। नगर की लाइन बंद करा दी गई थी। कर्मचारियों ने फॉल्ट संभाला तो लाइन शुरू हुई। इसके बाद चौराहे के पास रखे ट्रांसफार्मर के जंफर उड़ गए और लाइन टूटकर नीचे गिर गई। इसकी चपेट में आने से लोग बच गए। सूचना पर खुटार विद्युत उपकेंद्र से लाइनमैन पहुंचे। जहां फॉल्ट सही करने में काफी समय लग गया। लाइन को जोड़ने के बाद लाइट दी गई। एक मिनट बाद ही लाइन तेजी से जलने लगी और टूटकर गिर गई। यह सिलसिला साढ़े तीन घंटे तक चला। तो काफी मशक्कत करने के बाद कर्मचारी लाइन सही कर पाए। इसके बाद लोगों ने चैन की सांस ली।



खुटार थाने के समीप जलता ट्रांसफार्मर।

ओवरलोड की वजह से फॉल्ट की समस्या आती है। इस मामले में विजिलेंस टीम को सूचना दी गई है। छापेमारी कराई जाएगी। ओवरलोड डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। -**प्रमोद कुमार**, जेई विद्युत विभाग, खुटार

### रविवार को पूरे दिन बिजली ट्रिपिंग से परेशान रहे लोग

शनिवार रात को दो स्थानों पर हुए फॉल्ट को सही कर दिया गया। लेकिन उसके दूसरे दिन रविवार को पूरे दिन बिजली ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। घर में रखे बिजली उपकरण भी ठप पड़ गए। इस भीषण गर्मी में महिलाएं बच्चों को संभालने के साथ ही भोजन बनाने में परेशानी उठानी पड़ी। जबकि लोग पेड़ों की छांव में बैठकर पूरा दिन व्यतीत किया। लोगों ने ट्रिपिंग और फाल्ट लगातार होने पर बिजली विभाग पर कड़ी नाराजगी जताई है।

# आनंदपुरम की बिजली गुल, बेचैनी में कटी रात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **एक दिन पहले आरडीएसएस योजना के तहत डाली गई केबिल फुंकने से बिजली ठप**
- **दिन भर रही दिक्कत, शाम को सप्लाई हुई चालू, सुभाषनगर में सुबह बदली गई केबिल**

**अमृत विचार:** आरडीएसएस योजना के तहत डाली जा रही केबिल भीषण गर्मी में बिजली का लोड़ बढ़ने पर शनिवार रात 12 बजे दगा दे गई। इससे ककरा कलां विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दो मोहल्लों आनंदपुरम और सुभाषनगर की बिजली गुल हो गई।दोनों मोहल्लों के वाशिंदे पूरी रात परेशान रहे। सबसे अधिक दिक्कत मोहल्ला आनंदपुरम के वाशिदों ने झेली, यहां 18 घंटे बाद सप्लाई चालू हो पाई। जबकि सुभाषनगर में सुबह सप्लाई चालू कर दी गई थी।

भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जर्जर लाइनों को बदलवाया जा रहा है लेकिन यह काम कितनी संजीदगी से हो रहा है,इसकी पोल शनिवार रात आनंदपुरम और सुभाषनगर में खुल गई। एक दिन पहले ही इन दोनों मोहल्लों में आरडीएसएस योजना के तहत बिजली केबिल डाली गई लेकिन रात करीब 12 बजे बिजली लाइन पर लोड बढ़ा, तभी अचानक केबिल में धुंआ निकलने लगा। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। रात में ही बिजली कर्मचारियों को सूचना दी गई। इसके बाद सप्लाई बंद कर दी गई। इसी तरह सुभाषनगर में विद्युत ट्रांसफॉर्मर के पास केबिल से रात 12 बजे धुआं निकलने लगा। यहां पर भी बिजली कर्मचारियों को जानकारी दे गई। इसके बाद सप्लाई बंद कर दी गई। दोनों मोहल्लों के लोग भीषण गर्मी में परेशान रहे। सुबह सुभाषनगर में केबिल बदलकर बिजली सप्लाई चालू कर दी लेकिन आनंदपुरम में दूसरे दिन रविवार को शाम करीब छह बजे केबिल डालने का काम पूरा हो पाया और इसके बाद सप्लाई शुरू की गई, तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। कर्मचारियों की लापरवाही से आनंदपुरम के लगभग पांच हजार उपभोक्ता परेशान रहे।

आनंदपुरम मोहल्ले में शनिवार को 500 मीटर केबिल डाली गई थी, रात में केबिल में फॉल्ट आने की वजह से सप्लाई बंद करनी पड़ी है, शाम को केबिल बदलकर सप्लाई शुरू कर दी गई। सुभाषनगर में सुबह की सप्लाई चालू कर दी गई थी। -**मनीष चंद्र**, एसडीओ बहादुरगंज

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वेन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

# नाला बंद होने से गलियों में भरा पानी, मुसीबत

## निगोही के मोहल्ला आजाद नगर और अब्दुल कलाम नगर में निकलना हो रहा मुश्किल

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** निगोही में हमजापुर चौराहे से एसबीआई वाली गली में बने सरकारी नाले को बिजली घर के पास बंद कर दिया गया, जिससे पानी का निकास बंद हो गया और गलियों में जलभराव हो गया। जिससे मोहल्ला आजादनगर और अब्दुल कलाम नगर के वांशिदों के लिए दिक्कतें बढ़ गईं। उन्हें जलभराव की वजह से निकलना मुश्किल हो गया। रविवार को चेयरमैन ने पंपिंग सेट से पानी निकलवाया लेकिन हाइडिल वाला नहीं खुलवाया जा सका है।

नगर पंचायत निगोही के मोहल्ला आजादनगर में स्टेट बैंक एटीएम वाली गली के पानी का निकास 17 वर्षों से बिजलीघर के अंदर बने सरकारी नाले से था। बिजली घर में निर्माण कार्य होने की वजह से एक सप्ताह पहले टीनशेड लगाकर नाले को बंद कर दिया गया। जिससे पानी का निकास बंद हो गया और मोहल्ला आजादनगर और अब्दुलकलाम नगर में जलभराव हो गया। घरों से निकलने वाला पानी धीरे-धीरे मोहल्ले की सड़क पर भरने लगा। मोहल्ले के लोगों ने बंद नाला खुलवाए जाने के लिए बिजली घर पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता की तो उन्होंने कह दिया कि उनके यहां निर्माण सामग्री नाला के पानी की वजह से भीग जा रही है, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। शुरूआत में तो लोग गली में सड़क पर भरे पानी में ईट-पत्थर डालकर निकलते रहे लेकिन रविवार को हालात ऐसे हो गए कि पानी घुटनों के पास तक आ गया। तब फिर मोहल्ले के लोगों ने चेयरमैन मनोज कुमार वर्मा को आपबीती सुनाई, तब फिर चेयरमैन ने मोहल्ले में पहुंचकर देखा, जहां दशा बेहद ही खराब थी। चैयरमैन ने सफाई कर्मचारियों को बुलाकर पंपिंग सेट लगवाकर पानी को निकलवाया। तब लोगों ने राहत की सांस ली।



मोहल्ला आजाद नगर में जलभराव। ● अमृत विचार



पंपिग सेट के जरिये निकाला जा रहा पानी। ● अमृत विचार

### ...तो इसलिए नाला करना पड़ा बंद

मोहल्ला आजादनगर और अब्दुल कलाम नगर के घरों के पानी के निकास के लिए सड़क किनारे नाला बनवाया गया है। यह नाला पुवायां रोड पर बने बिजली घर की चाहदीवारी के अंदर से होकर निकला है। जो शाहजहांपुर-बीसलपुर मार्ग किनारे से होते हुए कैमुआ नदी मिलता है। बिजली घर में बरसात के दिनों में जलभराव हो जाता है, इसलिए यहां बिल्डिंग ऊंची किए जाने का काम चल रहा है। इन नाले की वजह से निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही थी इसलिए नाले को बिजलीघर के एक तरफ की दीवार के सहारे टीन फंसाकर बंद कर दिया गया।

- **चेयरमैन ने क्षेत्र में पंपिंग सेट लगवाकर निकलवाया पानी तो मिली राहत**

17 वर्षो से पूरे मोहल्ले का पानी बिजलीघर के अंदर से बने सरकारी नाले से निकल रहा था परंतु मेरी छवि धूमिल करने के लिए सत्ता पक्ष के इशारे पर जानबूझकर नाले को बंद करा दिया गया। नाला खुलवाने के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा परंतु उन्होंने नाला खुलवाने के लिए साफ मना कर दिया। पंपिंग सेट के जरिये पानी निकलवा रहे हैं। **-मनोज वर्मा,** चैयरमैन

### बोले लोग- जल्द हो समस्या का समाधान



एक सप्ताह से जलभराव की स्थिति की वजह से मोहल्ले में नरकीय स्थिति बनी हुई है, नाला खुलवाने को कहा गया तो कोई सुनने को तैयार नहीं है। चेयरमैन से कहा तब कुछ समस्या का समाधान हुआ है। **-जसविंदर कौर ऊर्फ रीना,** सभासद



जलभराव की वजह से मोहल्लेवासियों को बहुत दिक्कत हो रही है बिजलीघर पहुंचकर पानी निकास के लिए बात की, तो वहां मना कर दिया गया। कह दिया गया नाले के पानी की वजह से निर्माण सामग्री भीग रही है। **-रूबल सिंह**



बिजली घर के अंदर से पानी निकास के लिए नाला काफी वर्षो से बना हुआ है, अब पता नहीं क्यों नाला बंद करके हम लोगों को परेशान किया जा रहा है, अब स्थायी समाधान होना जरूरी है। आए दिन यहां के लोगों को दिक्कत उठझनी पड़ती है। **-ममता शर्मा**



यही स्थिति रही तो बरसात के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाएंगे। मोहल्ला के लोगों को निकलने का संकट हो जाएगा। इसलिए समस्या का स्थायी समाधान होना बेहद जरूरी है। वैसे भी एक सप्ताह से जलभराव की दिक्कत से परेशान हैं। **-राकेश कुमार**

# दो दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में रेलवे पार्किंग के पास दो लोगों को धारदार हथियार से घायल करने के मामले में पुलिस टीमें चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलाल नगर निवासी राकेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र अनुराग का कुछ दिन पहले मोहल्ले के शोएब से विवाद हो गया था। आरोपी उसके दरवाजे पर जुआ खेलते थे। अनुराग जुआ खेलने का विरोध करता था। आरोप है कि शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे आरोपी शोएब, सोहेल, जीशान, तसलीम, फैजान, सलमान, भोला, तौसीफ समेत एक दर्जन लोगों ने अनुराग तथा रोहित को धारदार हथियार से घायल कर दिया था। पुलिस ने हत्या के प्रयास आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने शोएब को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अन्य अभियुक्त फरार है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी मोहल्ले में खुलेआम घूम रहे है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई है।

# सिरदर्द बनी खोदाई, दिनभर लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महानगर में सालों से जारी सीवर लाइन की खोदाई से लोग परेशान हैं। जल निगम के ठेकेदार खोदाई करके मिट्टी सड़क किनारे डाल देते हैं। गड्ढे भी ठीक से नहीं भरते हैं। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी होती है। लोग दिनभर जाम से जूझते रहते हैं।

सीवर लाइन की वजह से लोगों की परेशानी दिन व दिन बढ़ती जा रही है। कुछ सड़कों पर अधिकांश समय जाम की समस्या बनी रहती है। हालांकि सीवर लाइन लोगों की सुविधा के लिए डाली जा रही है, लेकिन फिलहाल यह सुविधा लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। कुछ जगह सीवर लाइन का काम पूरा हो चुका है, तो अधिकांश जगह काम प्रगति पर है। यह काम एक से दो महीनों में पूरा होने की बात कही जा रही है। अब तक तीन बार समय सीमा निकल चुकी है, लेकिन निर्माण है कि पूरा होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिसके चलते परेशानी बनी हुई है।



शिविर में जांच करतीं डॉक्टर। ● अमृत विचार

- **सुविधा के लिए डाली जा सीवर लाइन बनी मुसीबत का सबब**

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

# पोस्टमार्टम हाउस में लाइट खराब, हैंडपंप नहीं दे रहा पानी



शाहजहांपुर का पोस्टमार्टम हाउस।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर से करीब पांच किमी दूर डैम के निकट पोस्टमार्टम हाउस बना है। जहां सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर आदि हैं। पोस्टमार्टम हाउस पर एक चौकीदार रहता है। नगर निगम ने पोस्टमार्टम हाउस परिसर में रोशनी के लिए पांच सोडियम लाइट और एक इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया था।

दस दिन से हाईमास्ट लाइट खराब पड़ी है और रात के समय अंधेरा रहता है। जिससे चोरी आदि का भय बना रहता है। इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़ा है। जिससे कर्मचारी और शव के साथ शव के साथ तीमारदारों के बैठने के लिए एसी कक्ष बना हुआ है। एक माह से एसी खराब है। कक्ष में तीमारदार न बैठकर बल्कि पुलिस कर्मचारी कुर्सियों पर बैठते है। तेज धूप से बचने के लिए तीमारदार नहर के किनारे पेड़ों की छाया के नीचे बैठे रहते है। तीन दिन पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पीपी श्रीवास्वत ने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया था। कर्मचारियों ने सोडियम लाइट तथा हैंडपंप खराब होने की शिकायत की थी। इधर तीमारदारों ने मांग रखी थी कि परिसर में बैठने के लिए टीन शेड डाला जाए। नगर निगम ने खराब पड़ी सोडियम लाइट तथा हैंडपंप को अब तक ठीक नहीं कराया है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के कैंप में आठ में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा के तत्वावधान में रविवार को खुदागंज क्षेत्र के गांव दिउरिया स्थित दीपक मैरिज लॉन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 247 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच में आठ ग्रामीणों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में ही कराने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा कैंप में 57 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर और लगभग 74 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच भी निःशुल्क की गई। आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। पीआरओ विपिन शर्मा ने एमआरआई, सीटी स्कैन समेत अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए। पीआरओ ने बताया कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित जांचें करवानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड मात्र 200 रुपये में बनाए जाते हैं, जो एक वर्ष के लिए मान्य होता है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर अस्पताल में ओपीडी का पर्चा निःशुल्क बनाया जाता है, साथ ही दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जाती है। भर्ती फाइल निःशुल्क बनाई जाती है। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

शिविर में विजय कुमार सिंह, ब्रजेश मिश्रा, डॉ. ताहिर अशरोफ, डॉ. शांभवी पांडेय, डॉ. अंशुमन दास, डॉ. रिव्या सिंह समेत मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।



शिविर में जांच करतीं डॉक्टर।

- **खुदागंज के दिउरिया गांव में लगाए गए निःशुल्क कैंप में 247 लोगों को मिला लाभ**

# कुत्ते को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर, मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी विश्राम सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में घर के दरवाजे पर उनका कुत्ता पट्टे से बंधा हुआ था। इसी बीच एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं की फसल ले जाते समय उनके कुत्ते को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि मरा हुआ कुत्ता उनके घर के पास ही पड़ा हुआ है। वहीं पुलिस ने तहरीर लेने के बाद पशु चिकित्सक को सूचना देकर कुत्ते का पोस्टमार्टम कराया और आरोपी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



तहरीर दिखाते विश्राम सिंह।

# घंटों की देरी... सफर से ज्यादा स्टेशन पर गुजारना पड़ रहा समय

## बेगमपुरा 17 घंटे, गंगा सतलज 15 घंटे देरी से पहुंची, ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म पर बीता लोगों का पूरा दिन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

- भीषण गर्मी से परेशान रहे सभी, पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन से दिक्कत

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में यात्री सफर से ज्यादा स्टेशन पर समय से गुजारने को मजबूर है। जिसकी वजह प्रमुख ट्रेनों की लेटलतीफी है। भीषण गर्मी में यात्री सुबह से शाम तक ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफार्म पर बैठे रहते हैं। ट्रेनों के बिगड़े संचालन की वजह किसान आंदोलन बताया जाता है। डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस 17 घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस 15 घंटे देरी से यहां पहुंची है।

पंजाब के शंभू स्टेशन पर एक महीने से किसान आंदोलन चरम पर है। किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें दूसरे रूट से जा और आ रही है। आंदोलन के चलते डाउन तथा अप लाइन की ट्रेनों का संचालन गड़बड़ा गया है। ट्रेनों का रूट बदलने से मुख्य ट्रेनें तथा समर स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गयी है।

ग्रामीण क्षेत्र के रिजर्वेशन कराने वाले यात्री ट्रेन के निर्धारित समय पर स्टेशन पर आ जाते है। यहां आने पर पता चलता है कि ट्रेन लेट है। पूछताछ कार्यालय में ट्रेन का धीरे-धीरे बढ़ाया जाता है। ट्रेन अधिक लेट हो जाने से यात्री प्लेटफार्म एक पर चादर बिछाकर आराम से लेट जाते है और ट्रेन का इंतजार करते है।

शनिवार को डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 17 घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस 15 घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस 13 घंटे, पंजाब मेल ढाई घंटे, शहीद एक्सप्रेस नौ घंटे, सियालदहा एक्सप्रेस सात घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस 13 घंटे अप लाइन की दून एक्सप्रेस ढाई घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, मौयध्वज एक्सप्रेस चार घंटे विलंब से आई है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि आंदोलन के कारण डाउन लाइन की ट्रेनें से देरी से आ रही है।

### जनरल कोच का नहीं होता एनाउंस

पूछताछ कार्यालय से ट्रेन के आने से पहले जनरल कोच का एनाउंस नहीं होता है। यात्रियों को पता नहीं होता है कि जनरल कोच कहां पर होगा। ट्रेन प्लेटफार्म पर आ जाती है तो जनरल कोच के चक्कर में यात्री प्लेटफार्म पर सामान समेत दौड़ लगाते है। यात्री चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर स्लिप हो जाने पर नीचे गिर जाते है। जबकि पहले जनरल कोच का एनाउंस होता था। यात्रियों ने मांग की है कि ट्रेन के आने से पहले जनरल कोच का एनाउंस किया जाए।

### प्रत्येक दिन 60 हजार रुपये के टिकट होते है वापस

ट्रेनों के कई घंटे देरी से आने पर यात्री रिजर्वेशन टिकट काउंटर पर वापस कर रहे है। टिकट वापस करने वालों की लंबी कतार लग जाती है। रोजाना रिजर्वेशन काउंटर पर 100 टिकट वापस हो रहे है और करीब साठ हजार रुपये का नुकसान हो रहा है। इधर गर्मी की छुट्टी को लेकर लोगों ने दो माह पहले रिजर्वेशन करा दिया था। लेकिन ट्रेनों के अधिक लेट होने से यात्री काफी परेशान है। यात्रियों को दुश्वारी झेलनी पड़ रही है।

## प्लेटफार्म चार पर टिन शेड नहीं तपती धूप में खड़े रहते हैं यात्री



**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम के आदेश के बावजूद भी प्लेटफार्म दो व तीन पर कछुआ गति से कार्य हो रहा है। प्लेटफार्म पर कार्य को लेकर बरेली जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म चार लिया जा रहा है। प्लेटफार्म चार पर टिन शेड न होने से यात्री तपती धूप में ट्रेन का इंतजार करते है। धूप से बचने के लिए मात्र एक सहारा फुट ओवरब्रिज का नीचे है।

अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो तथा तीन पर ठेकेदार द्वारा कार्य चल रहा है। इस लिए बरेली जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म चार लिया जाता है। खास बात यह है कि प्लेटफार्म चार पर टीन शेड नहीं है। टिन शेड न होने से यात्री तपती धूप में ट्रेन का इंतजार करते है। जब तक ट्रेन नहीं आती है धूप से बचने के लिए फुटओवर ब्रिज के नीचे खड़े हो जाते है। कुछ यात्री धूप में खड़े रहते है। जबकि डीआरएम राज कुमार सिंह स्टेशन पर चल रहे कार्य का कई बार निरीक्षण कर चुके है।

डीआरएम कईबार संबंधित अधिकारी को निर्देश दे चुके है कि कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे ट्रेनों को प्लेटफार्म तीन पर लिया जा सकता है। इधर एक माह से कार्य कछुआ गति से चल रहा है। प्लेटफार्म को खोदकर डाल दिया है। प्लेटफार्म चार यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि ठेकेदार के निर्देश दिए गए है कि कार्य में तेजी लाए।

## युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान, युवती ने भी खाया जहर

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के एक निवासी युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। युवक की मौत की सूचना पर पास के एक गांव की युवती ने भी विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरऊ निवासी अभिषेक पटेल (24) ने रविवार दोपहर विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची और परिजनों से जानकारी की। परिजनों ने विषाक्त पदार्थ खाने की बात कही वहीं ग्रामीणों फंदा लगाने की चर्चा रही। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ समय के बाद शहर के पास एक गांव निवासी युवती के विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश करने का मामला सामने आया। हालत बिगड़ने पर उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन दोनों के परिवार के लोग उनकी शादी कराने को राजी नहीं थे। बताया जा रहा है कि युवक-युवती ने वीडियो कॉल करते हुए एक साथ विषाक्त पदार्थ खाया।

## निकास को लेकर दो पक्षों में फायरिंग, दो को लगी गोली

**निगोही, अमृत विचार:** रास्ते के निकास को लेकर दो पक्षों में हुई फायरिंग में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव बड़ी लालपुर निवासी राम रहीस(45) और अंकित(20) में रास्ते को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। इसके बाद रविवार रात 11 बजे दोनों पक्षों में गोली चल गई। घटना में राम रहीस के सीने में गोली लगी, जो पीठ की तरफ निकल गई जबकि दूसरे पक्ष के अंकित को भी गोली लगी है। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि निकास को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। रविवार रात दोनों पक्ष के लोग शराब के नशे में थे। इसी दौरान दोनों में विवाद हुआ और फिर फायरिंग हो गई। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि दो पक्षों में गोली चली है। दोनों पक्षों की तहरीर नहीं आई है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया।

# खेत में नरई जलाने से दुकान में लगी आग

संवाददाता, पुवायां



पेड़ो के पास लगाई गई आग। ● अमृत विचार

- आरोप- बिना सुरक्षा व तेज हवा चलने पर नरई में लगाई आग तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** खेत में खड़ी नरई जलाने से एक दुकान तक आग पहुंच गई। जिससे दुकान के आस-पास रखा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी राम दत्त ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने जेवां में पुवायां रोड पर ब्रह्मानंद मिश्रा की दुकान किराए पर ले रखी है। दुकान में किराना और सेक्शन पाइप का काम करता है। दुकान के पास का खेत जेवां निवासी विनय प्रताप के पास ठेके पर हैं। जिसमे नरई खड़ी थी। शनिवार अपरान्ह 3 बजे विनय प्रताप ने जेवां निवासी अपने नौकर सुरेंद्र कुमार और करनापुर मढेया निवासी मुनेश से नरई में आग लगवा दी। देखते ही देखते नरई में लगाई गई आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आग ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया । जिससे दुकान के आसपास रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना दुकान मालिक और पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की ओर से तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाकर बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

वहीं पुलिस ने खेत के पटकेदार विनय प्रताप और आग लगाने वाले सुरेंद्र कुमार व मुनेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाम या हवा न चलने पर ही जलाया जाता है खेत में पड़ा अवशेष खेत में खड़ी नरई में आग लगाने से आग की चपेट में आई दुकान में काफ़ी नुकसान हो गया। दुकानदार ने बताया कि जिस समय नरई में आग लगाई गई उस समय तेज हवा चल रही थी, जिससे आग तेजी से बढ़ती गई और देखते ही देखते आग ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। जबकि नियम यह है कि खेत में पड़े अवशेष को शाम या हवा न चलने पर ही जलाया जाता है। पटकेदार ने नरई में आग लगाते समय न ही हवा की गति देखी और न ही ट्रैक्टर-हैरो से खेत के चारों ओर जुताई की। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे दुकान के आस-पास रखा सामान और दुकान की बिल्डिंग में खासा नुकसान हुआ है।

### तालाब में खड़े पेड़-पौधों में आग लगाने का आरोप, तहरीर दी

**खुटार।** क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी पिंटू सक्सेना ने पुलिस को बताया कि गांव में एक बड़ा तालाब है, जो अमृत सरोवर में चयनित है। तालाब के चारों ओर यूकेलिप्टस व अन्य प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाये गए थे। गांव का एक व्यक्ति पेड़ काटने का प्रयास कर चुका है। आरोपी ने तीन दिन पहले आग लगा दी थी। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों के साथ ही हल्का लेखपाल को लिखित में दी गई। लेकिन लेखपाल ने मौके पर जाने की जरूरत नहीं समझी। रविवार को पिंटू सक्सेना ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## फसल देखने गए अधिवक्ता का शव प्लाट में मिला

**बदायूं, अमृत विचार :** एक युवक के साथ खेत पर गए अधिवक्ता का शव दूसरे गांव के प्लाट में मिला। परिजनों ने अधिवक्ता के साथ जाने वाले युवक पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मलखानपुर निवासी अधिवक्ता तेजपाल (53) पुत्र बुद्धसेन शनिवार सुबह गांव के एक युवक जबर सिंह के साथ गांव रतनपुर के पास अपने खेत पर गए थे लेकिन दोपहर तक नहीं लौटे। परिजनों ने युवक से पूछताछ की तो वह इधर-उधर की बात करने लगा। शनिवार देर शाम तेजपाल का शव गांव रतनपुर के पंचायत घर के पास प्लाट में मिला। परिजनों ने तेजपाल के साथ गए युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया। कहा कि जब से शव मिला युवक फरार है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाई बोला- बाइक और चेन की मांग करते थे ससुराली
- 14 मई को नेहा ने पी लिया था कीटनाशक, तब से भर्ती थी

**अमृत विचार:** शहर में बीमारी से तंग आकर एक महिला ने कीटनाशक पी लिया था। ससुराल वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतका नेहा राठौर।

इधर मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि ससुरालवाले दहेज में बाइक व सोने की चेन को लेकर उसकी बहन को मारा पीटा करते थे। उन्होंने ही उसे जहर देकर मार डाला है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी विक्रम राठौर की शादी पांच साल पहले हरदोई जिले की नेहा राठौर(32) के साथ हुई थी। 14 मई को उसकी तबीयत खराब हुई और उल्टी होने लगी। ससुराल वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया था। ससुराल वालों ने उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया था।

ससुराल वाले शुक्रवार को उसे बरेली से ले आए और दोबारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। नेहा की इलाज के दौरान शनिवार की रात मौत हो गई। मृतका के पति विक्रम राठौर ने बताया कि उसकी पत्नी को दिल आदि की बीमारी थी। बीमारी से परेशान होकर पत्नी ने कीटनाशक पी ली और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मृतका का भाई सौरभ राठौर हरदोई से परिवार वालों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा।

आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए बाइक तथा सोने की चेन की मांग को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। छह माह पहले नेहा ने पुत्री को जन्म दिया। इससे वह और नाराज हो गए। भाई का आरोप है कि दहेज के लिए ससुराल वालों ने उसकी बहन को कीटनाशक देकर मार डाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

## दुकान का शटर काटकर गल्ला व नगदी चोरी



चोरों द्वारा काटा गया शटर।

**कांट, अमृत विचार:** दुकान का शटर काटकर चोरों ने 60 हजार की नकदी, 36 क्विंटल गेहूं, पांच क्विंटल सरसों और दो क्विंटल तिली चोरी कर ली। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खुर्द निवासी सचिन पुत्र रामकुमार ने कोतवाली कांट पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी गल्ले की दुकान जलालाबाद कांट रोड पर बन्ने खां धर्म कांटे के पास है। शनिवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने दुकान का सामने से शटर तोड़कर दुकान में रखे 36 क्विंटल गेहूं, 5 क्विंटल सरसों और 2 क्विंटल तिली के अलावा 60,000 की नकदी चोरी कर ली।

## घर के बाहर से वैन चोरी

**जलालाबाद, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला रामलीला मैदान से पंकज राठौर की ईको वैन चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रोज की तरह शनिवार शाम घर के बाहर मैदान में वैन खड़ी करके चले गए। सुबह जब गाड़ी लेने पहुंचे, तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। जहां पर गाड़ी खड़ी की वहां पर गाड़ी नहीं थी। काफी खोजा लेकिन कोई सुराग नहीं लग।

# लाखों फूंके पर सैलानियों को सुविधाएं देने में चूके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



टूरिज्म स्पॉट सप्त सरोवर का मुख्य द्वार।



सप्त सरोवर पर विकसित किया गया टूरिज्म स्पॉट। ● अमृत विचार

- सप्त सरोवर की हटों में गर्मी से बचाव की सुविधा न होने से घट रही ठहरने वाले सैलानियों की संख्या
- डीडी ने सुविधाएं मुहैया कराने को वन संरक्षक को लिखा पत्र, पर्यटन विभाग को भी दी जानकारी

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की अंदेखी के चलते पीटीआर के चूका बीच में सैलानियों का लोड कम करने के लिए लाखों रुपए की लागत से विकसित सप्त सरोवर टूरिज्म स्पॉट सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करने में नाकाम साबित हो रहा है। यहां बनाई गई हटों में गर्मी से बचाव के उचित संसाधन नहीं होने से सैलानी ठहर नहीं रहे है।

लिहाजा, पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने टूरिज्म स्पॉट पर अन्य सुविधाएं मुहैय्या कराने को पत्र लिखा है। साथ ही उन्होंने निदेशक पर्यटन विभाग से भी वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इको टूरिज्म स्पॉट चूका में सैलानियों का लोड कम करने के उद्देश्य से चूका बीच की तरह की एक अन्य टूरिज्म स्पॉट विकसित करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद पीटीआर में ही नया टूरिज्म स्पॉट विकसित करने को बराही रेंज के सप्त सरोवर का चयन हुआ। ईको टूरिज्म को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से 167.90 लाख की धनराशि आवंटित की गई। आवंटित धनराशि से सप्त सरोवर में सैलानियों के ठहरने के लिए दो टेंट और दो कॉटेज का निर्माण कराने के लिए बच्चों के लिए एडवेंचर गेम आदि की सुविधाएं भी मुहैया कराई गई। प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद माना जा रहा था कि यहां सैलानियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ आय में भी बढ़ोतरी होगी। सप्त सरोवर में पिछले माह से बुकिंग भी शुरू कर दी गई, लेकिन नवनिर्मित टूरिज्म स्पॉट में सैलानी उस रफ्तार से नहीं पहुंच रहे हैं, जिसकी पीटीआर प्रशासन उम्मीद कर रहा था। वन अफसरों ने इस पर मंथन किया और व्यवस्थाओं को परखा तो पाया कि यहां गर्मी से बचाव को उचित संसाधन नहीं हैं। नवनिर्मित कॉटेजों में एयर कंडीशनर की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सैलानियों को गर्मी के सीजन में रात्रि विश्राम के लिए असुविधा हो रही है। जिससे यहां ठहरने वाले सैलानियों की संख्या भी घट रही है।

> सप्त सरोवर टूरिज्म स्पॉट के मामले में वन संरक्षक को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। यहां संसाधन मुहैया कराने को अतिरिक्त प्रस्ताव दिया गया है। जरूरी हुआ तो यहां सोलर पैनल का भी प्रावधान कर सकते हैं। - मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

### नवनिर्मित कॉटेजों को वातानुकूलित कराने को भेजा प्रस्ताव

नए टूरिज्म स्पॉट में सैलानियों की कम मौजूदगी और आपेक्षित आय न होने पर पीटीआर प्रशासन ने पर्यटन विभाग के अफसरों को इससे अवगत कराया है। वहीं पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने वन संरक्षक को इससे अवगत कराते हुए यहां निर्मित कॉटेजों में चार विंडो एसी, एक स्पिलिट एसी और साइलेंट जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया है। उन्होंने उक्त सुविधाओं को उच्च स्तर पर प्रेषित करने की बात कही है।

# पीटीआर में सप्ताह में 4 दिन होगी सफाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चूका प्रभारी के नेतृत्व में सफारी चालकों व टूरिस्ट गाइडों ने जंगल मार्ग के किनारे की साफ-सफाई

**अमृत विचार :** पीटीआर को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से अब टूरिज्म क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह चार दिन सफाई अभियान चलाएगा। वहीं सैलानियों से भी जहां-तहां कूड़ा-कचरा न फेंकने की अपील की जाएगी। रविवार से अभियान की शुरुआत भी हो गई।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में चल रहे पर्यटन सत्र में रोजाना ही बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। प्रायः देखा गया है कि सैलानी अपने साथ जो खाने-पीने की चीजें लेकर आते हैं। पीटीआर में सैर करने के दौरान सैलानी जहां-जहां प्लास्टिक के कैरी बैग समेत अन्य कूड़ा-करकट टूरिज्म क्षेत्र में फेंक रहे हैं। जंगल क्षेत्र में दैनिक सफाई की कोई व्यवस्था न होने से जहां-तहां कूड़ा-करकट देखा जा रहा है। पीटीआर प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जंगल क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से पीटीआर के टूरिज्म क्षेत्र में अब सप्ताह में चार दिन विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

> जंगल क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से सफाई अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्रत्येक सप्ताह में चार दिन चलाया जाएगा। पीटीआर में आने वाले सैलानियों से अपील है कि वे जंगल क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। - **सहेंद्र यादव**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, महोफ रेंज

महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सफाई अभियान सप्ताह में एक दिन छोड़कर अगले दिन चलाया जाएगा। इस अभियान में वनकर्मियों के अलावा सफारी वाहन चालक एवं गाइड शामिल रहेंगे।

### पहले दिन गेट नंबर चार तक सफाई

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार से सफाई अभियान की शुरुआत हो गई। टूरिज्म प्रभारी सुरेंद्र गौतम के नेतृत्व में रविवार को टूरिस्ट गाइड एवं जिप्सी चालक मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस परिसर में जमा हुए। यहां से सभी ने चूका गेट नंबर तीन एवं गेट नंबर चार तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान चालकों एवं टूरिस्ट गाइडों ने सैलानियों द्वारा फेंकी गई पानी एवं कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें समेत खाद्य पदार्थों के खाली रैपर आदि को एक बोरे में जमा करके जंगल से बाहर लाकर निस्तारित किया गया।

# अंतिम संस्कार से पहले दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, दस घायल

## संदिग्ध हालात में मिल कर्मी की मौत का मामला

संवाददाता, बीसलपुर

- बीसलपुर के गांव भोगापुर का मामला, जमीन के विवाद में जताई थी हत्या की आशंका

**अमृत विचार:** चीनी मिल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिवार वाले पुराने जमीनी विवाद में हत्या की आशंका जता रहे थे। शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा और अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी कि दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। इस घटना में दस लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्ती कर किसी तरह मामला शांत कराया। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। गांव में फोर्स लगा दिया गया है।

बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल में पड़ोसी गांव भोगापुर निवासी कुंवर सेन सूचीबद्ध फिटर के पद पर कार्यरत था। शनिवार को दोपहर करीब एक बजे उसका शव चीनी मिल गेस्ट हाउस के नजदीक सड़क किनारे पड़ा मिला था। परिवार वालों ने जमीन के विवाद में हत्या की आशंका जताई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा।

दोपहर करीब तीन बजे परिवार वाले शव का अंतिम संस्कार करने घर से निकले। इस दौरान गांव में जगह के विवाद को लेकर बुद्धसेन पक्ष से चल रही पुरानी रंजिश के कारण अंतिम संस्कार करने से पहले ही आपस में गाली गलौज हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीटहो गई। एक दूसरे पर लाठी डंडे बरसाए। जमकर मारपीट हुई। ईट पत्थर भी चल गए। अचानक हुए इस झगड़े से गांव में अफरा तफरी मच गई।

> दोनों पक्षों के बीच जमीन का पुराना विवाद है। इसी को लेकर झगड़ा हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच की जा रही है, सख्त कार्रवाई की जाएगी। –अशोक पाल, कोतवाल बीसलपुर

कुछ ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को काबू करना चाहा लेकिन झगड़ा करने वालों की संख्या अधिक होने पर नाकाम रहे। यूपी 112 पुलिस के सामने भी झगड़ा होता रहा।

बाद में कोतवाली से अतिरिक्त फोर्स मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों को सख्ती कर शांत कराया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। मृतक कुंवरसेन पक्ष से उसका भाई राजेश कुमार, विनोद कुमार, रजनी, गांव घुघौरा निवासी वीरपाल , धर्मपाल, शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर महोलिया निवासी विमला देवी घायल हुई जबकि बुद्धसेन पक्ष से उनकी पत्नी चमेली देवी बेटा रामवीर व अरुण कुमार घायल हुए।

## सार-संक्षेप

### बहन को बचाने में युवक गंगा में डूबा, मौत



**कछला/कासगंज।** कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के मोहल्ला मढ़ई निवासी प्रमोद दुबे रविवार को अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ गंगा स्नान करने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट पर आए थे। साथ में उनका बेटा तरुण दुबे उर्फ चुन्नू (18), साले की बेटी कुमकुम पत्नी नीरू दुबे, साली शशि, अर्जुन भी स्नान करने आए थे। स्नान के दौरान कुमकुम गंगा में गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगी। चुन्नू ने ममेरी बहन कुमकुम को डूबता देखा तो उसे बचाने बढ़ा लेकिन वह भी डूबने लगा। घाट पर शोर मचा तो गोताखोरों और नाविकों ने गंगा में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कुमकुम को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन तरुण उर्फ चुन्नू गंगा में बह गया। तकरीबन एक घंटे के बाद गोताखोरों ने तरुण को बाहर निकाला। तरुण दुबे को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत से परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा तो परिजनों ने इंकार कर दिया और शव अपने साथ सोरों ले गए।

### डंपर की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत

**विजय नगला।** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर काम में लगे डंपर ने साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार दी। लोगों ने चालक को पकड़ लिया। परिजन इलाज के लिए किशोर को बरेली ले गए जहां उसने दम तोड़ दिया। बिनावर के गांव डुमैरा निवासी सतपाल का बेटा अनमोल (16) शनिवार शाम मलगांव में साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने साइकिल से जा रहा था। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आए डंपर ने उसकी साइकिल को पीछे टक्कर मार दी। किशोर राजमार्ग किनारे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और हंगामा किया। डंपर को मय चालक पकड़ लिया। राजमार्ग पर जाम की स्थिति हो गई।


आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# धर्म बदलकर निशा बनीं राधिका, प्रेमी संग लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजनौर की निशा ने बरेली में अगस्त्य मुनि आश्रम में की शादी
- तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियां के डर से बदला धर्म

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र के अगस्त्य मुनि आश्रम में बिजनौर की निशा ने धर्म परिवर्तन कर राधिका बनकर प्रेमी राजेश से शादी कर ली। राधिका ने तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियों के डर से धर्म परिवर्तन किया।

बिजनौर के गांव सबदलपुर की रहने वाली निशा के तीन भाई हैं। उसका प्रेमी राजेश कुमार बिजनौर के ही नहटौर स्थित मुकीमपुर गांव का रहने वाला है। राजेश हरिद्वार की एक फैक्ट्री में काम करता है। राजेश ने बताया कि वह सबदलपुर गांव में रिश्तेदारी में जाता था। करीब पांच साल पहले उसकी निशा से मुलाकात हुई और बातचीत शुरू हो गई। निशा ने बताया कि एक दिन राजेश ने रास्ते में उसे रोककर प्यार का इजहार कर अपना नंबर दिया। इसके बाद राजेश ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर उसने हां कर दी। जब इस बारे में उसके घरवालों को पता चला तो उन्होंने विरोध किया। निशा 7 मई को घर छोड़कर राजेश के साथ चली आई। घर से निकलने के बाद दोनों प्रयागराज, रायबरेली समेत कई जिलों में गए। उन्हें बरेली के मढ़ीनाथ स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम के आचार्य केके शंखधार के बारे में जानकारी हुई और दोनों आश्रम पहुंचे। केके शंखधार ने रविवार को विवाह की रस्म पूरी कराई। विवाह के बाद निशा ने अपना नया नाम राधिका रख लिया।

# दिल्ली में सम्मानित होंगे प्रगतिशील गन्ना किसान अचल मिश्रा

**पलिया कलां, अमृत विचार:** प्रगतिशील गन्ना किसान अचल मिश्रा को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली में आयोजित नवोन्मेषी किसान सम्मान समारोह में 06 जून को सम्मानित किया जायेगा। थाना भीरा क्षेत्र के गांव मेड़ईपुरवा निवासी 41 वर्षीय प्रगतिशील गन्ना किसान अचल कुमार मिश्र कृषि में नित नये नवाचार के लिये जिले में ही नहीं देश भर में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं।

वह गन्ने की खेती के साथ एकीकृत कृषि कार्य भी करते हैं। उन्होंने अपने खेतों के बीच फार्म बना रखा है, जहां वे गन्ने की नर्सरी के साथ मधुमक्खी पालन, कड़कनाथ मुर्गा, एजोला उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट आदि भी बनाते हैं, ताकि कृषि में लागत कम हो और उत्पादन बेहतर हो सके। किसान अचल कुमार मिश्र ने बताया कि आज के समय में ज्यादा उत्पादन के लिए कई किसान मनमाने ढंग से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने लगे हैं, जिससे खेती में लागत बढ़ती जाती है, लेकिन अगर मुर्गी की खाद, वर्मी कंपोस्ट और एजोला आदि की खाद बनाकर प्रयोग किया जाए तो न सिर्फ बाजार से कम उर्वरक खरीदनी होगी बल्कि उत्पादन भी अच्छा होगा। गन्ना लंबी अवधि की फसल है, तो हम गन्ने के साथ सहफसली खेती करते हैं।

# खेत में चारा काट रहे युवक पर बाघ का हमला, घायल

## घायल युवक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर, दहशत का माहौल

संवाददाता, पलिया कला

**अमृत विचार:** पलिया क्षेत्र के गांव पकरिया में पशुओं के लिए खेत में चारा काट रहे एक युवक पर झाड़ियों में छिपे बैठे बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग की, लेकिन बाघ का कोई पता नहीं चला। घटना के बाद समूचे क्षेत्र में बाघ की दहशत व्याप्त हो गई है।

पलिया रेंज के ग्राम लालपुर ढाका के मजरा पकरिया निवासी लल्ला उर्फ सत्रोहन निषाद (35) रविवार को सुबह 11.30 बजे अपने गांव के सोतिया नाला के उस पार खेत में चारा काट रहा था। तभी घात लगाए बैठे बाघ ने उस पर हमला बोल दिया और उसे झाड़ियों की तरफ खींचकर ले जाने लगा। किसी प्रकार युवक ने शोर गुल किया तो आसपास के खेतों में मौजूद किसान मौके की तरफ दौड़ पड़े। लोगों के शोरगुल करने पर बाघ उसे छोड़कर पास की झाड़ियों में भाग गया। सिर, गले, पीठ व हाथों पर गहरे जख्म होने के कारण लल्ला निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वाले घायल लल्ला निषाद को लेकर सीएचसी पलिया पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ के हमले की सूचना मिलते ही पलिया वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार, डिप्टी रेंजर शिव बाबू सरोज व परसपुर वन चौकी फारेस्टर राकेश कुमार स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन बाघ नजर नहीं आया। निगरानी में लगी टीम ने ग्रामीणों को घटनास्थल की ओर न जाने की सलाह दी है।



बाघ की तलाश में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। घायल युवक।

### खेतों में जाने से डर रहे लोग

**महंगापुर।** गांव पकरिया निवासी लल्ला निषाद पर हमला होने की घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में बाघ की दहशत है। लोग अब अपने खेतों की तरफ जाने से भी कतराने लगे हैं। किसानों को आशंका है कि पता नहीं बाघ कहां पर बैठा हो और वह हमला कर दे। बाघ की दहशत इस कदर है कि लोग अंधेरा होने से पहले ही अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं।

> मैं स्वयं मौके पर गया था। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अधीनस्थों की टीम को मौके पर तैनात कर दिया गया है। बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कराई जा रही है। ग्रामीणों को भी लगातार सतर्क किया जा रहा है। **–विजय कुमार वन क्षेत्राधिकारी वन रेंज पलिया कलां**

# ये लो अपने रुपये, अब न कहना कि धनउगाही हुई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**सीएचसी मितौली**

▶▶ सिजेरियन प्रसव के लिए रुपये लिए जाने का मामला

**अमृत विचार:** सीएचसी मितौली में ऑपरेशन से प्रसव के लिए तीमारदार से लिए गए छह हजार रुपये जिम्मेदारों ने दूसरे ही दिन वापस करवा दिए हैं। साथ ही मामला तूल न पकड़े। इसके लिए किसी से कुछ न बताने की तीमारदार से अनुनय विनय भी कर ली है। मगर, ऐसे में जानकारी होने के बाद भी धनउगाही करने वाली स्टाफ नर्स पर कार्रवाई का न होने से सीएचसी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

गत बुधवार को सीएचसी मितौली में प्रसव के लिए पहुंची गर्भवती के तीमारदारों से एक स्टाफ नर्स ने छह हजार रुपये वसूल लिए। बताते हैं कि ऑपरेशन होने के बाद प्रसूता को तब तक ओटी से बाहर नहीं आने दिया जब तक पूरे रुपये वसूल नहीं लिए। इस मामले की बृहस्पतिवार को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद सीएचसी मितौली प्रशासन से लेकर जिले के जिम्मेदारों में खलबली मच गई। सीएचसी के जिम्मेदारों ने आनन फानन में प्रसूता के तीमारदार बुलवाकर रुपये वापस करवा दिए। साथी इसके बारे में किसी को न बताने के लिए भी समझा दिया।



सीएचसी मितौली: प्रसव व नसबंदी के लिए हो रही अवैध वसूली

अमृत विचार में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर।

### कार्रवाई करने से बच रहे जिम्मेदार

**जिम्मेदार :** सीएचसी पर प्रसव के लिए आने वाली गर्भवतियों से अवैध वसूली की जा रही है। मगर, जिम्मेदार जानकर भी अंजान बने हैं। इसी वजह से सीएचसी स्टाफ के हौसले बुलंद हैं। सीएचसी के जिम्मेदारों ने तीमारदार को अवैध वसूली के रुपये वापस कराकर प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता (55) पुत्र छेदीलाल और मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम इटौआ निवासी हरीप्रसाद (50) पुत्र रामसरन अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रदीप कुमार गुप्ता को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# गांव लखाही में बराती ज्यादा आने पर भिड़े वर-वधू पक्ष

संवाददाता, निघासन

▶▶ ग्रामीणों ने बारातियों को पीटा, पुलिस ने मामला शांत कराया

**अमृत विचार:** बराती अधिक आने को लेकर वर-वधू पक्ष आपस में भिड़ गए। आरोप है कि इस दौरान वर पक्ष ने वधू पक्ष की पिटाई कर दी। इससे भड़के ग्रामीणों ने बारातियों को जमकर पीटा। इससे उनमें भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया।

गांव लखाही के रफीक ने अपने पुत्री की शादी कस्बा सिंगाही और दूसरी पुत्री की शादी बहराइच में तय थी। शनिवार को दोनों बहनों की बारात गांव आई थी। रफीक ने बताया कि उसने लड़के पक्षों से 60-60 बाराती लाने को कहा था। सिंगाही से जो बारात आई उसमें निर्धारित बारातियों से भी संख्या कम थी। बरुही टपरी गांव से आई बारात में निर्धारित बारातियों से दो गुना से भी अधिक बराती थे। वधू के लिए डाली में सामान भी काफी कम लाया गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बराती पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया। यह देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए और बारातियों को घेर कर उन्हें दौड़ा दौड़ा कर जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस व चौकी इंचार्ज गौरव सिंह मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों को किसी तरह शांत कर दोनों पक्षों को शांत कराया। चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने बताया वह मौके पर गए थे। बारात में संख्या अधिक होने के चलते विवाद हुआ था। फिलहाल दोनों पक्षों को की सहमति से निकाह हो गया है।

# खेत में करंट लगने से दो गोवंश और गिलहरी की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :।** रविवार को कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव के खेत में दो गोवंश और एक गिलहरी की करंट लगने से मौत हो गई। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। एक किसान ने खेत मालिक के खिलाफ तहरीर दी है। सिविल लाइन क्षेत्र के गांव जहानाबाद निवासी गुलशन प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव घोंचा के मजरा मौजमपुर के पास शहर के मोहल्ला लोटनपुरा निवासी व्यक्ति का खेत है। उसने अपने खेत के चारों ओर तारकशी की है जिसमें ट्यूबवैल की लाइन से करंट छोड़ा गया है। रविवार दोपहर दो गोवंश की करंट लगने से मौत हो गई। एक गिलहरी भी मर गई उन्होंने खेत मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। तहरीर में गांव घोंचा निवासी रविंद्र सिंह, बाबू सिंह और ओमप्रकाश ने भी हस्ताक्षर कर कार्रवाई की मांग की है।

# जूंसफा साबुन देने के बदले में घूस लेते फार्मासिस्ट का वीडियो वायरल

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** निघासन स्थित पशु चिकित्सालय में यदि आर सरकारी दवा लेने के लिए पहुंच रहे हैं तो दवा के बदले रकम भी चुकानी पड़ सकती है। क्योंकि यहां पशु डॉक्टर होने के बावजूद फार्मासिस्ट समेत उनके चहेते ईलाज के बदले वसूली करते नजर आएंगे। जूंसफा साबुन के बदले फार्मासिस्ट का रिश्वत लेते एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक युवक अपने पालतू कुत्ते को नहलाने के लिए फार्मासिस्ट सियाराम राना से नॉट फ़ॉर सेल जूसफा साबुन लेता है। साबुन देने के बदले में फार्मासिस्ट ने युवक से 100 रुपए का नोट लिया और पर्स को खंगाला। उसमें छुट्टा रुपए न होने से पास ही खड़े कर्मचारी को नोट पकड़ाते हुए 20 रुपए वापस करने को कहते सुनाईदे रहा है। इतने में ही किसी युवक ने फार्मासिस्ट की वीडियो कैमरे में कैद कर ली। रविवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पशु विभाग में हड़कंप मच गया। पशु चिकित्सक ब्लॉक निघासन डॉ. इंद्रदेव महर ने बताया कि अगर सरकारी दवा की बिक्री की गई है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वीडियो देखी नहीं है। क्षेत्र में होने के कारण फार्मासिस्ट को हॉस्पिटल पर बैठाया गया था। इकलौते पशु केंद्र पर पशु डॉक्टर की तैनाती कागजो पर चल रही है लेकिन कई अरसों से तैनात फार्मासिस्ट व उसके साथ जुड़े मुन्ना भाई कर्मचारी ही पशुओं का इलाज करते नजर आते हैं। जबकि इस केंद्र पर पशु डॉक्टर इंद्रदेव त्रिपाठी कार्यरत हैं। उधर लोगों का कहना है कि डॉक्टर कभी मिलते नहीं उनके कार्यभार को फार्मासिस्ट सियाराम राना के अलावा कोई नहीं संभालता। कुछ कर्मचारी अनट्रेंड हैं जो पशुओं का इलाज करते है उसके बदले सुविधा शुल्क भी लेते हैं।



हाथ में रुपये पकड़े अस्पताल में बैठा फार्मासिस्ट। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# शाहजहांपुर में एसएस कॉलेज को विवि बनाने की प्रक्रिया तेज

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर में एसएस कॉलेज को राज्य विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शासन की ओर से नियुक्त पांच सदस्यीय समिति तीन दिन से कॉलेज में रिपोर्ट तैयार कर रही है। शाहजहांपुर में विश्वविद्यालय बनने के बाद जिले के कॉलेजों के साथ अन्य जिले के कॉलेज भी संबद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा मुरादाबाद में भी विश्वविद्यालय शुरू होने वाला है। इसमें भी मुरादाबाद मंडल के कॉलेज संबंध होंगे। ऐसे में रुहेलखंड विश्वविद्यालय का दायरा कम हो जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी कई तरह की आशंकाएं लगा रहे हैं।

एसएस कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव शीपू गिरि, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी संध्या रानी, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी और एसएस कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव अवनीश कुमार मिश्रा की एक समिति बनाई गई है। तीन दिन से समिति कॉलेज में जाकर रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसमें कॉलेज का क्षेत्रफल कितना, यहां कितने भवन हैं, विश्वविद्यालय बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं चाहिए आदि की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अभी कुछ दिन और समिति रहेगी और उसके बाद अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने बताया कि कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया चल रही है। शासन की ओर से बनाई समिति कॉलेज में भ्रमण कर रही है।

## रंगदारी नहीं देने पर दलित को पीटा, महिलाओं से अभद्रता भी कई गई

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में रंगदारी न देने पर दबंग ने घर में घुस कर तोड़फोड़ कर महिलाओं से अभद्रता की है। तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी जसकरन लाल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 13 मई को मोहल्ले के दबंग ने रंगदारी में रुपये न देने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर मारा पीटा। मोहल्ले वालों के आ जाने से दोनों जान से मारने की धमकी देकर चले गये। फिर देर रात अपने तमाम साथियों के साथ आया और घर में घुस कर तोड़फोड़ कर महिलाओं से दुर्व्यवहार किया। पीड़ित ने दो दबंगों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह दोनों अपराधी प्रवत्ति के हैं। जिसमें एक के खिलाफ हत्या का केस भी चल रहा है।

# बीमारी से परेशान युवक ने खुद के सिर में मारी गोली

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के बिहारीपुर में एक युवक ने बीमारी से परेशान होकर छत पर खुद के सिर में गोली मार ली। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फील्ड यूनिट ने मौके से तमंचा और अन्य साक्ष्य जुटाए।

बिहारीपुर सिविल लाइंस निवासी जितेंद्र प्रताप उर्फ शानू चौधरी (40) को लंबे समय से टीबी की बीमारी थी। काफी इलाज के बाद भी ठीक न होने से वह परेशान हो गए। जितेंद्र शनिवार रात भोजन करके सो गए। रविवार तड़के खुद के सिर में गोली मार ली।

पड़ोसी शानू चौधरी ने जितेंद्र को खून से लथपथ हाल में देखा तो परिजनों को जानकारी दी। कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि शानू पिछले चार दिनों से अपने दोस्तों और परिजनों से कह रहा था कि वह जिंदगी हार गया है और वह अब जीना नहीं चाहता और वह आत्महत्या कर लेगा। रविवार तड़के उसने खुद को गोली मार दी। गोली उसके सिर में फंस गई है। मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# महाविद्यालयों से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की मांगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने यहां कौन से खेल का आयोजन करना चाहते हैं, इसकी मांग उपलब्ध कराएं। महाविद्यालयों की मांग के बाद देखा जाएगा कि जिस खेल के आयोजन की मांग की गई है, उसकी सुविधाएं वहां उपलब्ध हैं कि नहीं। इसके बाद वार्षिक क्रीड़ा कैलेंडर जारी किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और क्रीड़ाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता की मांग डाक और ईमेल से उपलब्ध कराएं। जिस भी खेल के आयोजन की मांग की जाए, उससे संबंधित खेल मैदान, सामग्री और खेल कोच का होना अनिवार्य है। महाविद्यालय सिर्फ केवल दो खेलों के लिए आवेदन कर सकते हैं। मांग के दौरान कोच का नाम भी भेजना होगा।

**खेती किसानी** | कृषि विभाग को चार प्रजातियों का 600 क्विंटल बीज कराया गया है उपलब्ध

# किसानों को आधी कीमत पर मिलेगा धान का बीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन ओर से कृषि विभाग को धान का करीब 600 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। जिसे सभी गोदामों तक पहुंचा दिया गया है। धान बीज की खरीद करने वाले किसानों को 50 फीसद का अनुदान भी दिया जाएगा। इस तरह किसानों के लिए कुल मूल्य की आधी रकम चुकानी पड़े।

जिले में साढ़े पांच लाख से अधिक किसान हैं। इनमें से ढाई लाख से अधिक किसान धान की खेती करते हैं। जिले में धान का रकबा करीब 92 हजार हेक्टेयर का है। धान की फसल करने के लिए किसानों द्वारा नर्सरी डाली जाती है। इसके लिए उन्हें बीज लाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। किसान उन्नत बीज की तलाश करते हैं। किसानों को इधर उधर न भटकना पड़े इसके लिए कृषि विभाग द्वारा शासन से धान बीज की मांग की गई। विभाग द्वारा मांग करने पर शासन की ओर से 600 क्विंटल धान का बीज उपलब्ध कराया गया है। कृषि विभाग को शासन द्वारा धान की चार प्रजातियों का बीज भेजा गया है। जिसमें पीआर 121, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1637, पंत 24 शामिल हैं। इन सभी बीजों की खरीदारी करने पर किसानों को 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। धान की बीज लेने के लिए किसान का रजिस्ट्रेशन कृषि विभाग में होना आवश्यक है। ताकि अनुदान की धनराशि सीधे किसानों के खाते में पहुंच सकें।

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि राजकीय कृषि बीज भंडारों को धान का बीज भेज दिया गया है। इस पर 50 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। कृषि अधिकारी का कहना है कि अभी मौसम काफी गर्म है। इसलिए किसान धान की नर्सरी नहीं लगा रहे हैं। गिने-चुने किसानों द्वारा ही बीज को खरीदा जा सका है।





## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

**सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार**

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।

**आजमगढ़ संसदीय सीट**



### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

# कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्ज्वल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



**मांगे वोट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ .मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



**समर्थन करें**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

# पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोर:** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

# विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

## जम्मू-कश्मीर में 40 सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के आरोप में निर्वाचन विभाग ने 40 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। रविवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है, एक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है, इसके अलावा एक कर्मचारी को सेवाओं से हटा दिया गया है और 34 कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है।" प्रदेश के विभिन्न विभागों के इन कर्मचारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई विभिन्न जिलों के संबंधित जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दैनिक ऑनलाइन रिपोर्ट और प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एमसीसी उल्लंघन के संबंध में आम जनता, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्राप्त ऑफ़लाइन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए शुरू की गई है। इस कदम का उद्देश्य ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ चुनाव आयोग की शून्य-सहिष्णुता नीति का पालन करते हुए आम चुनावों का स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करना है।

- **आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप**

# देश के विकास लिए भाजपा जरूरी

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सांसद मेनका गांधी ने कहा कि सुलतानपुर के लोगों को अपना परिवार समझा है। एक मां के रूप में हमेशा आपके बीच रहकर आपके दुख दर्द का निवारण कर रही हूं। लेकिन मां को मजबूत होना भी जरूरी है और वह मजबूती आपके वोट में है। यदि आप मुझे मजबूत करेंगे तो अपनी मां को मजबूत करेंगे। जिससे वह आपके क्षेत्र और आपका विकास कर सके।

सांसद ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में कभी भी किसी की जाति बिरादरी धर्म नहीं पूछा क्योंकि परिवार में एक मां सबको एक समान देखती हैं। जिनके पास आवास नहीं थे उनको प्रधानमंत्री आवास दिलाया। जिनके घर में पानी नहीं था उनके लिए पानी की व्यवस्था कराई। यहां तक की विदेश में यदि किसी की मौत हुई तो समय से उसके वतन की मिट्टी भी दिलाने का काम किया।

सांसद मेनका गांधी ने रविवार कादीपुर विधानसभा क्षेत्र की कई नुक्कड़ सभा में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मेरा रिश्ता इस जिले से बहुत पुराना है। लेकिन मां का रिश्ता तबसे बना जब यहां पर वरुण ने चुनाव लड़ा था। नुक्कड़ सभाओं को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने कादीपुर विधानसभा के पलिया गोलपुर, कटसारी, मगरावां, भटौता, वहबुद्दीपुर, रामपुर दुबायल, उनुरखा, कुंदा भैरोपुर, महमूद नगर एवं कलान में स्थित पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित सभाओं में शामिल हुई।


सुल्तानपुर के कादीपुर में जनसभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी।

- **बोलीं- एक मां के रूप में आपके बीच रहकर आपके दुख दर्द का निवारण कर रही हूं**

# कार्यकर्ता की हत्या के खिलाफ जम्मू कश्मीर में भाजपा का प्रदर्शन

श्रीनगर, एजेंसी

- **जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर सुरक्षा के अनुरोध की अनदेखी का लगाया आरोप**

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को शोपियां में पार्टी कार्यकर्ता और पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर आतंकी खतरों का सामना कर रहे कुछ प्रमुख पदाधिकारियों को सुरक्षा देने के उसके अनुरोधों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

भाजपा कार्यकर्ता शोपियां में लघु सचिवालय के बाहर एकत्र हुए और सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सुरक्षित आवास उपलब्ध नहीं कराने के लिए जिला प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। शनिवार देर रात जम्मू-कश्मीर के शोपियां और अनंतनाग जिलों में हुए दोहरे आतंकी हमलों में शेख की मौत हो गई और राजस्थान का एक पर्यटक दंपति घायल हो गया। प्रदर्शनकारियों में से एक ने कहा, हम एक साल से उपायुक्त से हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध कर रहे हैं लेकिन वह देरी करते रहे। अब हमने एक कार्यकर्ता खो दिया है। पार्टी प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि जिला प्रशासन से किसी न किसी स्तर पर चूक हुई है।

### जयपुर के घायल दंपती को मदद दें अधिकारी : भजनलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल हुए जयपुर के दंपति को हर संभव मदद दें। हवा महल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने घायल दंपति के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तबरेज और फरहा अपने दो बच्चों के साथ जयपुर से जम्मू-कश्मीर घूमने गए थे। शनिवार रात अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलीबारी में वे घायल हो गए। फरहा के कंधे पर गोली लगी। तबरेज का ऑपरेशन सुबह करीब तीन बजे किया गया।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अंग तस्करी नेटवर्क का संदिग्ध सरगना गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने रविवार को 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर मानव अंगों की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का एक प्रमुख व्यक्ति होने का संदेह है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि त्रिशूर जिले के वलप्पाडु के रहने वाले सबिथ नासर को केंद्रीय एजेंसियों से मिली सूचना के बाद शनिवार को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) से हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, उन्हें मिली जानकारी से यह संकेत मिलता है कि आरोपी ने पैसे कमाने के इरादे से, कथित तौर पर पीड़ितों को धोखा दिया और उनकी तस्करी की। आरोपियों ने पीड़ितों को यह समझाया कि यदि वह विदेशों में अपनी किडनी दान करते हैं तो उन्हें मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### पुंछ में पीएसए के तहत आतंकियों के तीन सहयोगी हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को आतंकियों को कथित तौर पर सहयोग करने वाले तीन लोगों को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि तीनों को एक महत्वपूर्ण खतरा माना जा रहा है। पुंछ और राजौरी में दो वर्षों में कुछ आतंकी हमले हुए, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी और नागरिक मारे गए हैं। पुंछ और राजौरी, अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं, जहां 25 मई को मतदान होना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों में मेंढर के गुरसाई गांव के इफ्तार अहमद उर्फ काका, खुर्शीद अहमद और गुलाम अब्बास है।

### प्रेम-प्रसंग के चलते युवक ने की आत्महत्या

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र के चिल्हाटी में आज एक सूने मकान में युवक की फांसी पर लटका शव मिला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान तालापारा निवासी मोहम्मद अरसद के रूप में हुई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तालापारा भारत चौक में रहने वाला मोहम्मद अरसद तीन दिन पहले घर से निकला था। इसके बाद वो घर नहीं आया। जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इधर सरकंडा के चिल्हाटी स्थित सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कराई. सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अरशद की पहचान की। मामले में पुलिस को युवक के एक युवती से प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है ,फिलहाल पुलिस मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की बात कह रही है।

### मकान का बरामदा ढहने से मां-बेटी की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में बीती रात एक मकान का बरामदा ढह जाने से मलबे में दबी एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई जबकि एक बच्ची घायल हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक सिद्धार्थ प्रजापत ने रविवार को बताया कि एक मकान का बरामदे के शनिवार देर रात अचानक ढह जाने से मलबे में दबी राधा (40) और उसकी बेटी सपना (13) की मौत हो गई जबकि आठ वर्षीय छोटी बेटी हादसे में घायल हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के समय महिला का पति वहां मौजूद नहीं था। घायल बच्ची का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये।

# देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मोदी सरकार ने निकाला बाहर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ओडिशा के रायरखोला में चुनावी रैली को किया संबोधित

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। सिंह ने संबलपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत रायराखोल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान संबलपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक, सभी देश से गरीबी खत्म करने में विफल रहे हैं। लेकिन मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो इस देश में गरीब लोगों के दुखों को कम कर सके हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के गरीब लोगों को पक्का घर, घरों में पाइप से पानी, मुफ्त रसोई गैस, मुफ्त खाद्यान्न, शौचालय और कई अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने वादे के मुताबिक अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया, जिससे आलोचक चुप हो गए। सिंह ने कहा, राम लला अपने मंदिर में आ गए हैं, अब भारत में राम राज्य स्थापित होगा। सिंह ने लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं करने को लेकर ओडिशा की बीजू जनता दल सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, भाजपा आयुष्मान भारत कार्ड जारी करेगी।



- **संबलपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के लिए जुटाया जन समर्थन**

### ओडिशा की खराब स्थिति के लिए कांग्रेस और बीजद दोनों पार्टियां जिम्मेदार

राजनाथ सिंह ने कहा कि ओडिशा की खराब स्थिति के लिए कांग्रेस और बीजद जिम्मेदार हैं। कांग्रेस ने राज्य में 50 साल और बीजद ने 25 साल तक शासन किया। उन्होंने दावा किया कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने देश के सभी नागरिकों को कोविड रोधी टीकों की दो खुराक मुफ्त प्रदान कीं। सिंह ने कहा कि मोदी ने महामारी के दौरान गरीब लोगों को पांच किलोग्राम अतिरिक्त खाद्यान्न भी उपलब्ध कराया। यह गरीब लोगों की जरूरतों के प्रति मोदी की संवेदनशीलता है।" यह दावा करते हुए कि मोदी ने विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, सिंह ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन दोनों के अधिकारियों से बात की तथा दोनों देशों के बीच साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रोक दिया गया। इस दौरान 22,000 से अधिक भारतीय छात्रों को युद्ध क्षेत्र से बचाया गया।

# मां, बहन और बेटियों का आप करती है अपमानः शिवराज सिंह चौहान

दिल्ली/भोपाल, एजेंसी



- **बोले- आरोपी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं मुख्यमंत्री केजरीवाल**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) मां बहन और बेटियों का केवल अपमान करने का काम करती है। उन्होंने दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल मां-बहन बेटियों को अपमानित करने का काम करती है। आम आदमी पार्टी अहंकारी आदमी पार्टी बन गई है। केजरीवाल अहंकार से भरे व्यक्ति हैं। केजरीवाल को ये जवाब तो देना चाहिए कि अगर कोई महिला जो उन्हीं की पार्टी की राज्यसभा सदस्य हैं, आप अहंकार में उनसे ही बात करने से इंकार कर देते हैं। आपके लोग एक बेटी के साथ, एक बहन के साथ दुर्व्यवहार करते हैं ये आश्चर्यचकित कर देने वाली घटना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्व्यवहार भी केवल शब्दों में नहीं बल्कि पिटाई जैसी चीजें भी होती है। आप अपनी राज्यसभा सदस्य को न्याय देने के बजाय, दुर्व्यवहार करने वाले को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। महिला का अपमान भारतीय संस्कृति और संस्कारों में नहीं है। केजरीवाल को याद रखना चाहिए कि यह वह भारत में है यहां एक द्रोपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत हो गई थी और दुर्व्यवहार करने वालों का वंश सहित विनाश हो गया था। ना आप बचेंगे और ना ही आपकी पार्टी बचेगी।

शिवराज चौहान ने कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सोनिया गांधी अधेड़ उम्र के राहुल गांधी को रायबरेली की जनता को सौंप रही हैं। कांग्रेस आज वोट देने के लायक नहीं बची है, लेकिन सोनिया गांधी रायबरेली की जनता से कहती हैं कि वह अपना बेटा सौंप रही हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि सोनिया गांधी को ही राहुल पर भरोसा नहीं है कि वह रायबरेली सीट से जीत हासिल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री तो तय है कि नरेन्द्र मोदी हैं और रहेंगे लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बताएं कि उनका प्रधानमंत्री कौन है। कभी कहते हैं कि बारी-बारी से एक-एक साल बन जाएंगे। कभी कहते हैं कि बाद में तय करेंगे।

## मंदिरों में तोड़फोड़ के विरुद्ध प्रदर्शन करेगी विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी में चार हिन्दू मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ किये जाने और इस पर प्रशासनिक निष्क्रियता के विरोध में राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि शुक्रवार की रात पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी जिलांतर्गत धूपगुडी में कॉलेज के पास चार हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ और उस पर स्थानीय शासन प्रशासन की उदासीनता के विरुद्ध सम्पूर्ण हिंदू समाज आक्रोषित है। खबर है कि दो दुर्गा मंदिर, एक शिव मंदिर तथा एक शनि मंदिर को जिहादियों ने निशाना बनाया है। मंदिर समितियों द्वारा लिखित शिकायत के बावजूद अभी तक किसी भी आक्रांता की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम सजा की मांग करती है।


झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर के माध्यम से अपने संबंधित मतदान केंद्रों के लिए जाते मतदान अधिकारी।

## मोदी सरकार के पास अब गिने-चुने दिन : सचिन पायलट

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को दावा किया कि देशभर में बदलाव की लहर है और नरेन्द्र मोदी सरकार के अब गिने-चुने दिन रह गए हैं। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारों के खातिर प्रचार करते हुए उन्होंने दावा किया कि देश में पहले चार चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस भाजपा से कहीं आगे हैं। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने करनाल, महेंद्रगढ़ और सिरसा लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया, जहां से क्रमश: कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा, राव दान सिंह और कुमारी सैलजा चुनाव लड़ रहे हैं। पायलट ने कहा, पूरे देश में बदलाव की लहर है और भाजपा के दिन अब गिनती के रह गए हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में अपने वादे पूरे नहीं किए और वह बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की स्थिति सुधारने में विफल रही।

## सुकेश की अन्य जेल में भेजने की अर्जी पर मांगा जवाब

- **सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, रिट याचिका में लगाए गए आरोपों के मद्देनजर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई, 2024 को जवाब दिया जाए। चंद्रशेखर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पटवालिया ने कहा कि शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए याचिकाकर्ता को दो कैमरों से निगरानी में रखा गया है। वकील ने अदालत से कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चंद्रशेखर की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। पटवालिया ने चंद्रशेखर की ओर से कहा, कृपया मुझे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर देश में कहीं भी भेज दीजिए, जहां आम आदमी पार्टी नहीं है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया। चंद्रशेखर ने धनशोधन मामले में जेल में बंद जैन पर प्रोटेक्शन मनी के नाम पर उससे 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगाया था। उसने आम आदमी पार्टी (आप) को करीब 50 करोड़ रुपये का चंदा देने का भी दावा किया था। चंद्रशेखर को पूर्व में तिहाड़ जेल से मंडोली जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था, क्योंकि उसने तिहाड़ में अपनी जान को खतरे का दावा किया था। कथित ठग और उसकी पत्नी धनशोधन तथा अनेक लोगों को ठगने के आरोप में जेल में बंद हैं।

## वाहन नहीं मिला तो ऑटो में मां का शव ले गया युवक

**दमोह (मप्र)।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में शव वाहन के लंबे समय तक इंतजार के बाद एक व्यक्ति को 65 वर्षीय अपनी मां का शव कथित तौर पर ऑटो रिक्शा में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। महिला की शनिवार रात जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक महिला के बेटे नारायण पटेल ने बताया कि वह अपनी मां को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाये थे, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुरोध के बावजूद, लंबे समय तक शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया, इसलिए परिवार ने शुरू में शव को दोपहिया वाहन पर ले जाने का फैसला किया, लेकिन किसी ने एक ऑटो रिक्शा की व्यवस्था कर दी। घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आयी हैं। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन राजेश नामदेव ने कहा कि एक शव वाहन हमेशा उपलब्ध रहता है।

## छत्तीसगढ़ में चावल वितरण पर झूठ बोल रहीं प्रियंका

- **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर की टिप्पणी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा पर राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लोगों को दिए जाने वाले चावल की मात्रा के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार रात कहा कि कांग्रेस की झूठ बोलने की आदत इतनी आसानी से नहीं जाएगी। दरअसल कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन (प्रति परिवार) दिया जाता था और अब साय नीत भाजपा सरकार में केवल पांच किलो राशन दिया जा रहा है। प्रियंका गांधी के इस बयान पर मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, कांग्रेस को 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है यह इतनी आसानी से नहीं जाएगी। प्रियंका जी अगर आपको झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए पांच हजार करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कहिएगा। उन्होंने कहा, आपकी अज्ञानता का फायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बेवकूफ बनाते हैं। पिछली बार कांग्रेसियों ने राहुल गांधी से कह दिया था कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचा कर दे दिया।

# भाजपा ने आदिवासी अधिकारों को किया कमजोर

नई दिल्ली, एजेंसी



- **कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर टिप्पणी कर आदिवासियों को धार्मिक पहचान से वंचित करने का लगाया आरोप**

कांग्रेस ने भाजपा पर आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के वन संरक्षण संशोधन अधिनियम ने 2006 के ऐतिहासिक वन अधिकार अधिनियम के तहत हुई तमाम प्रगति को रोक दिया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने झारखंड के जमशेदपुर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पहले उनसे कुछ सवाल पूछे। उन्होंने एक्स पर लिखा, जमशेदपुर के लोग अब भी खराब संपर्क सुविधा की समस्या से क्यों जूझ रहे हैं? ऐसा क्यों है कि 2ए (अंबानी और अडाणी) और काले धन से भरे उनके टेम्पो खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया? आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र को अब तक पर्यावरण मंजूरी क्यों नहीं मिली? प्रधानमंत्री ने आदिवासियों को उनकी धार्मिक पहचान से वंचित क्यों किया और सरना कोड को मान्यता देने से इनकार क्यों किया?

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कैसे भ्रष्ट जनता पार्टी ने आदिवासी पहचान और आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि एक औद्योगिक केंद्र होने के बावजूद जमशेदपुर खराब परिवहन संपर्क सुविधा की समस्या से जूझ रहा है। भागलपुर, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों के लिए चलने वाली ट्रेन की संख्या पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर में 2016 तक एक हवाई अड्डा संचालित था लेकिन 2018 में उड़ान योजना में शामिल होने के बावजूद नए हवाई अड्डे की योजना साकार नहीं हुई। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि दिसंबर 2022 तक धालभूमगढ़ हवाई अड्डे के निर्माण के लिए जनवरी 2019 में झारखंड सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा, इससे औद्योगिक क्षेत्र के टाटा जैसी प्रमुख कंपनियों समेत आदित्यपुर में एमएसएमई (सूक्ष्म , लघु और मध्यम उद्यम) को अच्छा बढ़ावा मिलता। जब दिसंबर 2022 की तय समय सीमा में काम नहीं हुआ तो भारतीय जनता पार्टी के अपने सांसद इस मुद्दे को संसद में उठाने के लिए मजबूर हुए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने 27 फरवरी 2023 को जवाब दिया और पुष्टि की कि परियोजना को बंद कर दिया गया है।

### अनुयायियों की बढ़ाई मुश्किल

उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी समुदाय वर्षों से सरना धर्म को मानते आ रहे हैं। लेकिन जनगणना के धर्म कॉलम से अन्य विकल्प को हटाने के हालिया निर्णय ने सरना अनुयायियों के लिए दुविधा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2020 में झारखंड विधानसभा ने विशिष्ट धार्मिक पहचान को मान्यता देने की मांग का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास के 2021 तक सरना कोड लागू करने के आश्वासन और 2019 में गृह मंत्री अमित शाह के ऐसे ही वादे के बावजूद मोदी सरकार में इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

## मुख्यालय के सामने खरगे के पोस्टर पर फेंकी स्याही

- **ममता बनर्जी की टिप्पणी को लेकर अधीर रंजन चौधरी को लगाई थी फटकार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कांग्रेस के मुख्यालय के सामने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कई पोस्टर और होर्डिंग्स पर कथित तौर पर स्याही फेंकी गई। खरगे ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाई थी, जिसके एक दिन बाद यह घटना हुई। ममता बनर्जी ने हाल में टिप्पणी की थी कि वह इंडिया गठबंधन की सरकार का समर्थन करेंगी, जबकि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि बंगाल की मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया जा सकता और वह भाजपा के साथ जा सकती हैं। इन टिप्पणियों के संबंध में सवाल किए जाने पर खरगे ने शनिवार को कहा था, ममता बनर्जी गठबंधन के साथ हैं। उन्होंने हाल में कहा है कि वह सरकार में शामिल होंगी। फैसला अधीर रंजन चौधरी नहीं लेंगे। फैसला मैं और आलाकमान करेगा, जो सहमत नहीं होंगे, वे बाहर चले जाएंगे। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि चौधरी ने घटना पर नाराजगी व्यक्त की और पार्टी कार्यकर्ताओं से पुलिस में शिकायत दर्ज करने को कहा, जिसे दर्ज कर लिया गया और पोस्टर भी हटा दिये गये।

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्यः स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयोः॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए, चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण, वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर- उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।


## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनों: कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे,लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं हैं,बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं,लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांसदों को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे,लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं हैं,बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं,लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड,स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा,एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस,जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश

म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई,लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया,लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता',कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों,खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं,बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा,लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा,ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है,उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है,लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है,यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर,उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है,स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता(एनार्की),सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो,वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये,घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया । म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई,लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया,लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया,यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार,उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर,1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था,जब प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता,तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे,कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों,उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं,जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें,जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी,छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था,घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग,बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार,मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बच्चें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों,बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं,वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है,उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार,खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे,जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं,जहां तक संभव हो,तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों,उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है,जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें,जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी,छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था,घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों,युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है,कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है,सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था,अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था,अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा,निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा,लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।

-फेसबुक वॉल से



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है,जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया,फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया,इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना,बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना,दूसरे को समझना,मन की तरंगों की अनुभूति करना,किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं,जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं



अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं,बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी,क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग,अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी,समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव,महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे,बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं,आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं,लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म,जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है,बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा,रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर,इंजीनियर,वैज्ञानिक,कलेक्टर,पुलिस कप्तान,सांसद,विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है,जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर,जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

# आईएसआई का एजेंट गोरखपुर से गिरफ्तार

## राम सिंह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के तौर पर करता था काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी एटीएस की टीम ने पिपराइच के रमवापुर से दबोचा


एजेंट राम सिंह।

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट राम सिंह को गोरखपुर के पिपराइच स्थित उसके गांव रमवापुर से गिरफ्तार कर लिया है। राम सिंह ने एक महिला के जरिये भारतीय नौ सेना की गोपनीय जानकारी और दस्तावेज आईएसआई को दिए हैं। एटीएस अधिकारी के मुताबिक वह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के पद पर काम करता था।

एटीएस के अधिकारी ने बताया कि राम सिंह ने आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे लड़ाकू जहाजों की फोटो भी पाकिस्तान भेजी थी। पाकिस्तानी महिला ने राम सिंह के अकाउंट में रुपये भी जमा कराए थे, जिसे राम सिंह ने अलग-अलग लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए। जिन अकाउंट्स में रुपए ट्रांसफर किए गए, वो सभी आईएसआई से जुड़े संदिग्ध खाते हैं। राम सिंह ने पाकिस्तान को कई गोपनीय जानकारी व दस्तावेज दिए थे। इसके बदले में उसे पाकिस्तान की ओर से अच्छी खासी रकम मिलती थी। वह गोपनीय जानकारी व दस्तावेज पाकिस्तान को देने के बदले में मिले रुपये से घर बनवा रहा था। राम सिंह पर लखनऊ के एटीएस थाने में केस दर्ज किया गया है। टीम ने आरोपी से एक मोबाइल, आधार कार्ड, पैनकार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।

**कई अन्य कर्मचारी निशाने पर :** यूपी एटीएस के आईजी निलाब्जा चौधरी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। एटीएस आईएसआई से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। आशंका है कि पाकिस्तानी महिला ने मर्चेंट नेवी के सिर्फ एक नहीं कई कर्मचारियों को जाल में फंसाया है। अन्य कर्मचारियों को भी रुपयों का लालच देकर जासूसी कराती होगी। पिपराइच के रमवापुर का रहने वाला राम सिंह मर्चेंट नेवी में गोवा में तैनात है। मां-बाप का इकलौती संतान है। उसके पिता जय सिंह की करीब 15 साल पहले मौत हो चुकी है।

करीब चार महीने पहले ही वह गोवा से गांव वापस आया था। इसके बाद से वापस नहीं गया। गुरुवार शाम को पिपराइच पुलिस के साथ एटीएस की टीम उसके घर पहुंची थी। पूछताछ के लिए पिपराइच थाने लेकर गई। दो दिन की पूछताछ के बाद रविवार को उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद लखनऊ लेकर चली आई।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक खुफिया सूत्रों से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के एजेंट फर्जी नामों से भारतीय नौसेना के कर्मचारियों और शिपयार्ड पर काम करने वाले निजी व्यक्तियों के संपर्क में हैं। इन कर्मचारियों को लगातार बहला-फुसलाकर और धन का लालच देकर भारतीय नौसेना से संबंधित गोपनीय एवं संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके लिए इन कर्मचारियों को विभिन्न माध्यमों से धन भेजा जा रहा है। इस सूचना को विकसित करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि राम सिंह एक पाकिस्तानी महिला जासूस के संपर्क में है और पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा राम सिंह के बैंक खाते में लगातार धन मुहैया कराया जा रहा है। राम सिंह द्वारा पाकिस्तानी एजेंटों के लिए भारतीय नौसेना व सेना की गोपनीय सूचना दी गई थी। पाकिस्तानी एजेंटों के साथियों को धन उपलब्ध कराया ।

### फेसबुक से हुई थी पाकिस्तानी महिला से दोस्ती

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पूछताछ में राम सिंह ने कुबूला कि करीब 3 साल पहले फेसबुक के जरिए पाकिस्तानी महिला जासूस कीर्ति कुमारी (फर्जी नाम) से संपर्क में आ गया। दोनों में बातचीत शुरू हुई और फिर यह दोस्ती फेसबुक से व्हॉट्सएप तक पहुंच गई। राम सिंह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के तौर पर भारतीय नौसेना के लड़ाकू जहाजों में इनसुलेशन लगाने का काम करता था।

# हमारी सरकार बनी तो ईडी और सीबीआई खत्म: अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ईडी और सीबीआई की जरूरत नहीं है और इन्हें बंद कर देना चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह विपक्ष के इंडी गठबंधन को यह प्रस्ताव देंगे। साक्षात्कार में अखिलेश यादव ने सीबीआई और ईडी को बंद कर देने के पीछे तर्क दिया कि अगर आपने धोखा दिया है, तो इससे निपटने के लिए आयकर विभाग है। आपको सीबीआई की जरूरत क्यों है? हर राज्य में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए एक विभाग है, जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें। अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल केवल भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर मैं इस निजी प्रस्ताव को गठबंधन के सामने रखूंगा।

- अखिलेश ने कहा- दोनों जांच एजेंसिओं की आवश्यकता नहीं

# जेल में बंद पूर्व विधायक पवन पांडेय को मिली पैरोल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बहुचर्चित जमीन कांड में कई महीनों से जिला कारागार में बंद बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से इलाज के लिए चार सप्ताह की पैरोल मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि पवन पांडेय को किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी में इलाज के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था/स्कॉर्ट मुहैया कराया जाए। पैरोल के दौरान पूर्व विधायक पर किसी भी राजनीतिक व्यक्ति से मिलने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केजीएमयू प्रशासन को पवन पांडेय के इलाज के बाद संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बता दें कि पूर्व विधायक पवन पांडेय ने हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में बीमारी का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल किया था। जिसके बाद याचिका को बतौर पैरोल याचिका मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पवन पांडेय को इलाज के लिए चार सप्ताह का पैरोल दिया है। हालांकि पूर्व विधायक से मिलने वालों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।

# जिला जज के डिप्टी नाजिर को सांड़ ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के नानकारी में मार्निंग वॉक के दौरान हुई घटना
- सांड़ ने दूसरी महिला को भी उठाकर पटका, घायन अवस्था में अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** जिला जज के डिप्टी नाजिर को रविवार को मार्निंग वॉक के समय सांड ने घसीट-घसीटकर सड़क पर पटककर मार डाला। उसी सांड़ ने एक महिला को भी उठाकर पटक दिया जिसका इलाज मंधना के एक अस्पताल में चल रहा है।

कल्याणपुर आईआईटी नानकारी निवासी 58 वर्षीय देवेन्द्र कुमार यादव जिला जज के यहां डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीना और तीन बेटे शिवम सिंह, शशीकांत और रविकांत हैं। उन लोगों ने बताया कि रोज की तरह रविवार सुबह वह मार्निंग वॉक पर गए थे। तभी नानकारी में सांड़ ने उन्हें दौड़ाकर पटक दिया। सांड़ ने उन्हें तीन बार सड़क पर सींगो से उठाकर पटका। यह देखकर वहां पर राहगीरों और मार्निंग वॉकरों में भगदड़ मच गई। कुछ राहगीरों ने हिम्मत जुटाकर लाठी-डंडों से सांड़ को पीटा और पानी डालकर भगाया। वहां से गुजर रहे इलाके के पंकज तिवारी ने देवेंद्र यादव को पहचानकर सूचना परिजनों को दी। मौके पर रविकांत और अन्य परिजन पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हें कल्याणपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवेंद्र को मारने के कुछ देर बाद उसी सांड़ ने एक महिला को भी उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मंधना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, पुलिस ने डिप्टी नाजिर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी और अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में सिविल जज जूनियर डिवीजन सौरभ श्रीवास्तव समेत कई न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

## सार-संक्षेप

### चुनाव जितवाने के नाम पर बसपा प्रत्याशी से मांगे 35 लाख, रिपोर्ट दर्ज

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय ने एक युवक पर पैसे मांगने और चुनाव में जितवाने का आरोप लगाते हुए पयागपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने व्हाट्सएप काल करने वाले युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। कैसरगंज सीट से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पयागपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात एक युवक ने व्हाट्सएप काल कर 35 लाख रूपए की मांग करते हुए कहा कि आपको चुनाव जितवा दूंगा। मेरी बात सभी अधिकारीयों से हो चुकी है। यदि आप पैसा नही देंगे तो अन्य प्रत्याशी से भी बात चल रही है और उसे जितवा दूंगा। इस पर मैंने मना कर दिया तो फिर व्हाट्सएप मैसेज कर पैसे की मांग कर रहा था। जिसकी पूरी डिटेल पयागपुर थाने पर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दे दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आदर्श मिश्रा निवासी महसी को हिरासत में ले कर पूछ ताछ की जा रही है।

### फावड़े से वार कर पत्नी को मार डाला

**हापुड़, एजेंसी :** जिले के पिलखुवा थाना क्षेत्र में कथित तौर पर शराब के नशे में धुत एक युवक ने फावड़े से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। पिलखुवा के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार अनवरपुर निवासी महेश शनिवार देर रात शराब पीकर घर आया और कमरे में सो रही अपनी पत्नी शीतल (25) पर फावड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि सुबह ग्रामीणों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि दंपती का सात माह का बच्चा भी है जो गुलावठी में अपनी बुआ के पास रहता है। थाना प्रभारी ने बताया कि महेश को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले गए 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को पहली बार 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिल गये हैं। इनके आने से सरकारी अस्पतालों में बीमारी विशेष के इलाज के लिए मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर नहीं करना पड़ेगा। इन चिकित्सकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा 268 पदों के सापेक्ष हुई है।

स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि लोकसेवा आयोग, प्रयागराज को 268 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग को 71 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 39 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित विशेषज्ञों में एमडी मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जन, पैथोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। जल्द ही इन्हें विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी जायेगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान या अन्य उच्च संस्थानों में रेफर किया जाता है। अब, इन डॉक्टरों की तैनाती से सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक इलाज मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

### मिलेगा अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

19010 चिकित्सकों के विभाग में ग्रेड टू के 7240 पद हैं, इनमें से 3620 पद स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सीधी भर्ती के लिए हैं, इनमें से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। यानी ग्रेड चार में पहुंचने तक इन चिकित्सकों को तीन वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

# हर बेरोजगार के खाते में 8,500 खटाखट डालेंगे: राहुल

संवाददाता, प्रयागराज

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले, कूड़ेदान में जाएगी अग्निवीर योजना

**अमृत विचार :** हर बेरोजगार और परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये खटाखट डालेंगे और साल में एक लाख रुपये देंगे। हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को लखपति बनायेगी। इसके अलावा अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जायेगा और सेना में स्थायी भर्ती की जाएगी। यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने करछना में रविवार को इंडी गठबंधन के इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जनसभा में कही। मंच पर अखिलेश यादव भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक भीड़ इंडी गठबंधन की विजय का संकेत है। 4 जून के बाद न केवल नौकरी के रास्ते खुलेंगे, बल्कि अग्निवीर परीक्षा सदैव के लिए खत्म की जायेगी। दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने भाजपा पर जनता को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी ने अपने 22 चहेते लोगों को अरबपति बनाने का काम किया। राज्यसभा सभा सांसद प्रमोद तिवारी, गठबंधन प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह आदि मौजूद रहे। उधर मुंगारी की जनसभा में राहुल ने कहा है कि हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, गन्ना कपास के लिए उन्हें दाम दिया जायेगा। रैली के दौरान उत्पन्न अराजकता के कारण कुछ पत्रकारों को चोटें आईं और उनके सामान को नुकसान पहुंचा। बाद में सपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जिसमें सफाई देने की उम्मीद थी लेकिन खेद व्यक्त करने के बजाय पुलिस पर दोषारोपण किया गया। इससे नाराज सभी पत्रकारों ने प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया।


प्रयागराज में राहुल गांधी की सभा में भीड़।

### प्रदेश में हुई रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति

**लखनऊ।** प्रदेश में बीते दिन लगभग 587.75 मिलियन यूनिट की रिकार्ड बिजली आपूर्ति की गई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत अभियंता संघ ने इसके लिए ऊर्जा प्रबंधन व अभियंताओं को बधाई दी है। अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2023 में इसी दिन अधिकतम बिजली आपूर्ति 579 मिलियन यूनिट थी।


## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | ■ | 2 उ | 3 प | जा | ति | ■ |
| न | ■ | ■ | रं | ■ | ■ | ■ |
| क | ■ | ■ | प | ■ | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | नु | ■ | 6 शी | राँ |
| ■ | ■ | ■ | 7 ग | जा | ल | ■ |
| 8 सं | घ | टि | त | ■ | न | ■ |

# ससुरालियों से आहत महिला ने 2 बेटों को जहर देकर लगाई फांसी, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- आत्महत्या को प्रेरित करने की तीन जेठ व एक जेठानी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत पटकापुर गांव में पति की मौत के बाद से ससुरालियों के तानों से परेशान महिला ने अपने दो बेटों को कीटनाशक पिला दिया। इसके बाद खुद फंदे से लटक गई।

महिला के पिता उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में महिला व छोटे बेटे की मौत हो गई। सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हैंगिग से मौत होने की बात सामने आई है। वहीं बच्चे की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पटकापुर गांव निवासी सोमवती (35) पत्नी स्व. संत कुमार ने शनिवार देर रात ससुरालियों की प्रताड़ना से आजिज आकर अपने दो बेटों अंश (12) व सुधीर (9) को कीटनाशक पिला दिया और खुद फंदे से लटक गई। पड़ोसियों से मिली सूचना पर सोमवती के पिता बिहार थानाक्षेत्र के चिकंदरपुर निवासी शिवशंकर परिजनों के साथ उसके घर पहुंचे। घटना की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस घर पहुंची और जांच की। पिता शिवशंकर ने बताया कि 13 साल पहले बेटी की शादी की थी। 20 फरवरी-2024 को दामाद संत कुमार की बीमारी से मौत हो गई थी। दामाद की मौत के बाद बेटी के जेठ कमलेश, प्रकाश, बालकराम व बालकराम की पत्नी मधु उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे। बेटी का घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। इससे वह एक-एक रुपये के लिए मोहताज हो गई थी। यहां तक कि बच्चों की फीस भी नहीं जमा हो पा रही थी। इससे परेशान होकर बेटी ने यह कदम उठाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन जेठ व जेठानी के विरुद्ध प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। महिला की हैंगिंग व बेटे की मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया।

# साधारण की परिभाषा में नहीं आता अस्थायी शैक्षिक निवास

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संरक्षक और वार्ड अधिनियम, 1890 में प्रयुक्त साधारण निवास को व्याख्यायित करते हुए बताया कि नाबालिग के साधारण निवास में वह अस्थायी निवास शामिल नहीं होगा, जहां वह अस्थायी रूप से शिक्षा प्राप्त करने के लिए रह रहा है।

मौजूदा मामले में अपीलकर्ता पिता ने एक आवेदन दाखिल कर पत्नी द्वारा बच्चों की कस्टडी की मांग वाली याचिका को इस आधार पर खारिज करने की मांग की कि गाजियाबाद के फैमिली कोर्ट के पास इस मामले में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि नाबालिग भिवानी में पढ़ रहा था, लेकिन पिता का आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि नाबालिग सामान्य तौर पर जिस स्थान पर रहता है, उसकी संरक्षता के लिए वहीं की जिला न्यायालय में आवेदन किया जा सकता है। कोर्ट ने पाया कि नाबालिग शिक्षा के लिए हरियाणा में रह रहा था, लेकिन उसके पिता का स्थायी पता गाजियाबाद है। कोर्ट ने माना कि मामले के तथ्यों की जांच के बिना नाबालिग के सामान्य निवास का निर्णय नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमल हसन रिजवी की खंडपीठ ने धीरज की प्रथम अपील खारिज कर दी।

## सुडोकू -154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15.58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।


मेष

आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।


वृष

आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।


मिथुन

आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।


कर्क

आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।


सिंह

आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।


कन्या

आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।


तुला

आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है, किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।


वृश्चिक

आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।


धनु

आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।


मकर

आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।


कुंभ

आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।


मीन

आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चोरी मेरा काम — सुबह : 10.02
तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

&pictures
महावीर नं. 1 — सुबह : 09.10
तमाशा — रात : 08.00

SONY PIX
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10.13
टार्जन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08.30
अनोखा बंधन — दोपहर : 01.50

colors CINEPLEX
डबल अटैक — सुबह : 11.31
उगराम — शाम : 05.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

# माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं राहुल : मोदी

## जमशेदपुर की रैली में बोले - उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा

जमशेदपुर (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को खानदानी जयदाद मानने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी। शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है।

जमशेदपुर में मोदी ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने धन उगाही की जिम्मेदारी ली है। मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं।



● शनिवार को राहुल गांधी ने कहा था कि मैं मोदी से बहस को तैयार है, लेकिन वह नहीं आएंगे

### कांग्रेस और झामुमो का विकास से लेना देना नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (हेमंत सोरेन) भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में लूटा हुआ सार्वजनिक धन भ्रष्ट नेताओं से वसूल करेंगे और इसे उन गरीबों को लौटा देंगे जिनका यह धन है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया।

### मोदी ने की आरकेएम और भारत सेवाश्रम संघ पर ममता की टिप्पणी की निंदा

पुरुलिया/बिष्णुपुर (प. बंगाल), रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका दे रही है। मोदी ने पुरुलिया की रैली में कहा कि टीएमसी शालीनता की हदें लांघकर इतना नीचे गिर गई है कि वह इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाह फैला रही है। प्रधानमंत्री ने बिष्णुपुर की रैली में बनर्जी पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में होने और देश के साधु और संतों पर हमला करने का आरोप लगाया।

# कांग्रेस की 25 गारंटी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का कवच : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी खरगे ने कहा महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफ़र किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महंगाई का मुकाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख का मुफ्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा। अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा।



● कांगेस अध्यक्ष बोले- 30 लाख पदों पर भर्ती कर युवकों का भविष्य करेंगे सुरक्षित

### मोदी ने वादे पूरे नहीं किए 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार

कोलकाता। टीएमसी नेता अमित मित्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किये गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है। ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व में वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं।

## एक नजर

### अपनी ही बंदूक की गोली से सीआईएसएफ जवान की गई जान

**चेन्नई।** कर्नाटक के रहने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 37 वर्षीय जवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि रवि किरण ने खुद को गोली मारी या शनिवार को कर्नाटक जाने वाली बस में यात्रा करते समय गलती से बंदूक चल गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, रवि किरण कर्नाटक के रहने वाले थे और शनिवार को जब यह घटना हुई तब वह कलपक्कम से अपने गृहनगर बेंगलुरु जा रहे थे। अधिकारी ने कहा, हथियार की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण का पता लगा पाएंगे।

### कुंए से जहरीली गैस के रिसाव से एक की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बुंदेली गांव में एक कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से एक सफाईकर्मी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। कुंए में सफाई के दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को कुंए से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव की है। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुंए में डूबे युवकों का नाम जगत राम और साहेब लाल है। इस घटना में जगत राम की मौत हो गई। कुंएं से निकलने वाली जहरीले गैस के कारण मौत होने की वजह बताई जा रही है। इस पूरे मामले पुलिस जांच कर रही है।



पं. बंगाल के हावड़ा जिले के बेलूर इलाके में चुनाव के पांचवें चरण की पूर्व संध्या पर चुनाव सामग्री लेकर जाता मजदूर। ● एजेंसी

# प्रज्ज्वल मामले को बंद करने की तैयारी में एसआईटीः अशोक

बेंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक में विपक्ष के नेता ने सीबीआई जांच की उठाई मांग

कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रज्ज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले को गलत तरीके से बंद करने की कगार पर है। अशोक ने आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की। जांच में सरकारी अधिकारियों के फंसने की संभावना है, जिससे आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह है।

उन्होंने पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और अन्य आरोपियों के साथ किए जा रहे बर्ताव में असमानताओं की ओर इशारा करते हुए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में कथित हेरफेर के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने डीके शिवकुमार से जुड़ी रिकॉर्डिंग लीक की थी, जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह वास्तविक थी और इसके बाद देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी हुई। भाजपा नेता ने रणदीप सुरजेवाला, शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया सहित प्रमुख कांग्रेस हस्तियों पर दलित और वोक्कालिगा नेताओं के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए इन समुदायों को हाशिये पर धकेलने के उद्देश्य से किये जा रहे राजनीतिक षडयंत्र की गंभीर तस्वीर पेश की।

# मप्र में बुजुर्ग दंपती से मारपीट और जूतों की माला पहनाई, 10 के खिलाफ मामला दर्ज

**अशोक नगर।** मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बुजुर्ग दलित दंपती के साथ मारपीट की गई और उन्हें जूतों की माला पहनाई गई। पुलिस ने बताया कि दंपती का बेटा कथित तौर पर छेड़छाड़ की घटना में शामिल था। दंपती से मारपीट की घटना मुंगावली थाना क्षेत्र के तहत किलोरा गांव में शुक्रवार को हुई। इस संबंध में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, ये सभी फरार हैं। मुंगावली थाने के प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा कि दंपती का बेटा एक आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ में शामिल था। घटना के बाद दलित परिवार ने गांव छोड़ दिया था। ये दंपती हाल ही में गांव आया था। शुक्रवार को आरोपियों ने 65 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को एक खंभे से बांधकर मारपीट की और उन्हें जूतों की माला पहनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# पत्नी और बेटे के खिलाफ आवेदन कर पूर्व मंत्री ने मांगा भरण-पोषण का खर्च

जयपुर, एजेंसी

● विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी-बेटे पर पीटने और खाना नहीं देने का लगाया आरोप

● पत्नी और बेटे ने आरोपों को गलत बताते हुए छवि धूमिल करने की कही बात

भरतपुर के राजघराने का विवाद उस समय खुलकर सामने आ गया जब राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी और बेटे के खिलाफ उप संभागीय मजिस्ट्रेट की अदालत में एक आवेदन दायर किया और भरण-पोषण खर्च की मांग की। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी तथा बेटा उन्हें पीटते थे और खाना भी नहीं मिलता था, जिससे तंग आकर वह घर छोड़कर चले गए। उनकी पत्नी और बेटे ने सिंह पर पैतृक संपत्ति बेचने तथा उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

विश्वेंद्र सिंह ने एसडीएम अदालत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत एक आवेदन दायर किया था। वह पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे जबकि उनकी पत्नी भरतपुर से लोकसभा सदस्य रही हैं। इस संबंध में रविवार को खबर छपने के बाद विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह ने विश्वेंद्र सिंह पर परेशान करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।


अदालत में दिये अपने आवेदन में 62 वर्षीय विश्वेंद्र सिंह ने कहा, वह हृदय रोगी हैं और अवसाद का सामना नहीं कर सकते। कहा कि वर्ष 2021 और 2022 में दो बार कोविड-19 से संक्रमित होने के बावजूद, उनकी पत्नी और बेटा उनकी सहायता करने या देखभाल करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से, मेरी पत्नी और बेटे ने मेरे खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया है। उन्होंने मुझ पर हमला किया। मेरे दस्तावेज और कपड़े जला दिए तथा मेरे साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया। खाना तक देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे किसी से भी मिलने की मनाही थी और उन्होंने मुझे महल के भीतर लंबे समय तक यातना दी।

### छत्तीसगढ़ में चलती ट्रेन से टकराई ड्रिल मशीन, तीन घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को बड़ी ड्रिलिंग मशीन का एक सिरा चलती ट्रेन से टकरा गया, जिससे दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गए। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 10 बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के पास उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि धातु का टुकड़ा बाद में 'ड्रिल मशीन रीमर' के रूप में पाया गया जो एक खंभे जैसा दिखता है। ट्रेन रायपुर पहुंची तो रेलकर्मी कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया।

# कांग्रेस, राजद नेता अपने घुसपैठिए वोट के डर से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए : शाह

बेतिया, एजेंसी



● गृह मंत्री ने बेतिया में इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

बिहार के बेतिया में चुनावी सभा में शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद शुरू से ही राम मंदिर के खिलाफ थे। समारोह का उन्हें निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से नहीं आए। शाह ने पाकिस्तान की परमाणु शक्ति के बारे में बयान देने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की और कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और उनके सहयोगी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसीलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है, हमेशा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे।

शाह ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद पर मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल लालू के बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताया। शाह ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। चार चरणों के मतदान के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजग पहले ही 270 से अधिक लोकसभा सीट जीत चुका है। राजद चार सीट भी नहीं जीतेगी और कांग्रेस 40 भी नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने कभी गरीबों के विकास के लिए काम नहीं किया और वे कभी भी बिहार की उन्नति के बारे में नहीं सोचते हैं।

## कारोबार/कृषि

# ईंधन कारोबार में बड़ा हिस्सा चाहती है रिलायंस

## सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन और भंडारण तक मिले पहुंच

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इनका इस्तेमाल वह डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं।

रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है। रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है। देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।



● देश के कुल विमान ईंधन उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25% है

### एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा

रिलायंस ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा ऑफ साइट टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर ऑन-साइट भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है। जामनगर में रिलायंस की दो रिफाइनरी करीब 50 लाख टन का उत्पादन करती हैं जिसका एक बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाता है।

### वाणिज्य मंत्रालय ने एफटीए पर वार्ता के लिए की विभागों से चर्चा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापार विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की है। इन समझौतों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए, वाणिज्य मंत्रालय ने 16-17 मई को दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया। इस दौरान एफटीए रणनीति और व्यापार वार्ताओं के लिए एसओपी पर विचार किया गया।

एक अधिकारी ने कहा कि चर्चा के दौरान जो सुझाव आए उनमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के साथ व्यापक परामर्श करना और संबंधित मंत्रालयों के साथ प्रस्तावित एफटीए का विवरण साझा करना शामिल है। एफटीए वार्ता के प्रत्येक चरण में परामर्श किया जाना चाहिए।

# सेंसेक्स की 10 में 8 कंपनियों की पूंजी 1.47 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% के लाभ में रहा। एनएसई और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ पहुंच गया। रिलायंस ने 36,467.26 करोड़ जोड़े और 19,41,110.70 करोड़ रुपये पहुंचा। भारती एयरटेल की हैसियत 26,492.61 करोड़ बढ़कर 7,64,917.29 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक 21,136.71 करोड़ रुपये बढ़कर 11,14,163.29 करोड़ रही। आईसीआईसीआई बैंक 9,570.68 करोड़ रुपये बढ़कर 7,94,404.51 करोड़ पहुंचा। इन्फोसिस 7,815.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,376.39 करोड़ हो गया। आईटीसी की हैसियत 4,057.54 करोड़ बढ़कर 5,44,895.67 करोड़ रुपये हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 2,231.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,576.77 करोड़ रुपये रहा।



● एलआईसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रहीं

● बीते सप्ताह सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% लाभ में रहा

# कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र आगे

नई दिल्ली, एजेंसी

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए।

बैंकों के आंकड़ों के अनुसार पुणे मुख्यालय वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 13.12% की वृद्धि दर्ज की है। मूल्य के हिसाब से एसबीआई का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 4,74,411 करोड़ की तुलना में 16.7 गुना अधिक 79,52,784 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष में जमा जुटाने में भी बीओएम की वृद्धि दर अच्छी रही है। बीओएम की जमा वृद्धि 15.66% रही। एसबीआई 11.07%, बैंक ऑफ इंडिया 11.05% और केनरा बैंक 10.98% रहा। बीते वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार बैंक जमा के मामले में 10% से अधिक की वृद्धि हासिल कर पाए हैं।

कम लागत की कासा (चालू खाता बचत खाता) जमा के मामले में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र 52.73% की वृद्धि के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद 50.02% की वृद्धि के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा। कासा जमा से बैंकों को अपने कोष की लागत को निचले स्तर पर रखने में मदद मिलती है। कर्ज वृद्धि के मामले में कोलकाता का यूको बैंक 16.38% की वृद्धि से बीओएम से थोड़ा बेहतर था। 16.30% की वृद्धि के साथ बीओएम का स्थान रहा।



● बैंक का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा

### सरकार ने माफी योजना से जुटाए 852 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यातकों के लिए माफी योजना के तहत 852 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अग्रिम और ईपीसीजी की अनुमति वाले निर्यातकों से निर्यात प्रतिबद्धता में चूक के मामले में निपटान योजना शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार 852 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। सरकार ने सीमा शुल्क और ब्याज के भुगतान की आखिरी तारीख 31 मार्च तय की है। योजना के तहत 6,705 आवेदन मिले थे और 852 करोड़ की वसूली हुई। कई छोटे निर्यातकों ने सरकार से योजना को सितंबर तक जारी रखने का अनुरोध किया है।

# उत्पाद और प्रौद्योगिकी पर 43,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा टाटा मोटर्स समूह

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स समूह ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 43,000 करोड़ कर दिया है। इसमें सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2023-24 में टाटा मोटर्स ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (30,000 करोड़) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पीबी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ से अधिक रहा। बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।

बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब 6% की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा। यह निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे।



● टाटा मोटर्स समूह ने चालू वित्त वर्ष के लिए निवेश लक्ष्य बढ़ाया

### शेयर में म्यूचुअल फंड ने 1.3 लाख करोड़ का किया निवेश


**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग ने इस साल शेयर में 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी त्रिवेश डी ने कहा कि म्यूचुअल फंड बाजार की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देने के साथ ही चुनाव जैसी घटनाओं से कम प्रभावित होते हैं। उद्योग के दिग्गजों के आश्चर्यजनक उदाहरणों के कारण व्यवस्थित निवेश योजनाओं में निवेशकों की रुचि बढ़ी है। ऐसे निवेशक, जो आमतौर पर बाजारों से दूर रहना चाहते हैं, उन्होंने म्यूचुअल फंड के जरिये निवेश शुरू किया है।

| पर्पल कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

| ऑरेंज कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | रन |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# हार की निराशा के साथ पंजाब का सफर खत्म

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके





**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।



अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

### पंजाब 214/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0

### हैदराबाद 215/6


19.1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

# निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

# सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमशः संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाईलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।

शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने



शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

# भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

## पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण



प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।

# ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

# अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।

# बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद हुआ राजस्थान-केकेआर का मैच



**गुवाहाटी, एजेंसी**

- **दोनों टीमों को बांटा गया एक-एक अंक, कोलकाता शीर्ष पर**
- **अब केकेआर-सनराइजर्स से और आरसीबी-रॉयल्स से भिडेगी**

रूक-रूक कर हो रही बारिश के करण रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 70वें मैच को टॉस के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। बारिश रुकने के बाद अम्पायरों ने मैदान का निरीक्षण करते सात-सात ओवरों मैच की मंजूरी दी।

देर रात कोलकाता ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हमारी टीम में एक बदलाव है। अनुकुल टीम में वापस आए हैं। इस पिच को हम ज्यादा नहीं जानते, हमें नहीं पता कि पिच कैसा व्यवहार करने वाली है। यह सात-सात ओवर का मैच है तो हम पहले गेंदबाजी करते हुए, पिच का व्यवहार जान लेना चाहते हैं। वहीं राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। आज हमारी टीम में अंतिम समय में कुछ एक बदलाव हुए हैं तो मुझे उस बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है। हालांकि नांद्रे बर्गर टीम में हैं। इससे पहले कि मैच शुरु हो पाता बारिश फिर से शुरु हो गई। बारिश के कारण मैच में एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी और अंपायरों ने मैच को आधिकारिक रूप से रद्द घोषित कर दिया गया।

राजस्थान की टीम इस मैच को जीतकर अपने पिछले चार मैचों के हार के क्रम को तोड़कर चाह रही थी। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों एक-एक अंक बांट दिया गया है जिसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। राजस्थान की 17 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इस परिणाम के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 21 मई को क्वालीफायर वन में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत होगी। वहीं 22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। दोनों मैच अहमदाबाद में खेले जाएगें।

# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम



चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।

### टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच



बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।

### चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत, पांच लापता

**बुडापेस्ट।** हंगरी में डेन्यूब नदी में हुई एक नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। हंगरी पुलिस को शनिवार देर रात एक रिपोर्ट मिली कि वेरोसे शहर के पास डेन्यूब के तट पर एक व्यक्ति के सिर से रक्तस्राव हो रहा है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि वह व्यक्ति एक नौका दुर्घटना का शिकार हुआ है, और बाद में पास में एक पुरुष और एक महिला के शव पाए गए। नौका पर सवार पांच अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### अमेरिकी एनएसए और क्राउन प्रिंस ने की चर्चा

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के सेमी-फाइनल संस्करण के रूप में वर्णित किया है। इसके पहले हमास की ओर से पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण रणनीतिक समझौता नहीं हो सका था।

### जर्मन रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की मदद के लिए किया अनुरोध

**बर्लिन।** जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार से अतिरिक्त 4 अरब 13 करोड़ का अनुरोध किया है। जर्मन अखबार बिल्ड ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। जिसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त धनराशि के लिए अनुरोध जून में मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

### पुलिस अधिकारी ने आरोपी को भागने में की थी मदद, निलंबित

**कोझिकोड (केरल)।** केरल पुलिस के एक अधिकारी को घरेलू हिंसा मामले के एक आरोपी को देश छोड़ने में मदद करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कोझिकोड शहर के पंथिरनकावु थाने के एक वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) को आंतरिक जांच में यह आरोप सामने आने के बाद निलंबित कर दिया गया है कि वह राहुल पी गोपाल के साथ नियमित संपर्क में थे। गोपाल पर अपनी नवविवाहित पत्नी पर हमला करके हत्या का प्रयास करने का आरोप है। मामले की जांच जारी रहने के बीच गोपाल ने कुछ दिन पहले देश छोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस को उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क करना पड़ा।

## आस्था



पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कराईकल में थिरुनाल्लारू श्री दरबारनेश्वर मंदिर के रथ उत्सव में भाग लिया।

### असम में 105 करोड़ रुपये की 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है। यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राज्य में नशा मुक्ति अभियान के प्रयास जारी है। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों की तस्वीर भी साझा की।

# गर्मी में घर के बाहर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो लू ले सकती है जान

उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है। ऐसे में आईएमडी की ओर से रेड अलर्ट जारी किया जा चुका है। धूप तेज होने से डिहाइड्रेशन के कारण बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आप अपने चेहरे और त्वचा को ढंक कर ही निकलें तो अच्छा रहेगा। वहीं दिन में घर से बाहर जा रहे हैं तो खानपान और पेयपदार्थ का भी विशेष ध्यान रखें। खुद में ताजगी बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 3.5 लीटर से 4 लीटर पानी पीएं और ठंडे चीजों का सेवन करें। घर से बाहर निकलने से पहले कैप यानी कैप लगाना न भूले। आहार में ताजा फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आप खुद को एनर्जेटिक महसूस कर सकेंगे। गर्मियों में अधिक समय तक धूप में काम करने से बचना चाहिए। इन सावधानियों का पालन करके आप खुद को गर्मियों में सुरक्षित रख सकते हैं।



### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- मुंह सूखना, बार-बार पानी मांगना।
- आंखों का धंस जाना।
- कमजोरी व चक्कर आना।
- पेशाब कम और पीले रंग का आना।
- शरीर का तापमान कम होना।
- बेहोशी आना।

### अधिक खाने से परहेज करें

एक बार में अधिक खाने से परहेज करें गर्मी के मौसम में दिन की शुरुआत मीठे और रसीले फल से करना अच्छा रहेगा। चीकू, आड़ू, तरबूज, खरबूज या संतरा अच्छा विकल्प हो सकते हैं। खाने में प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं। यह पाचन संबंधी परेशानियों से बचाएंगे और तापमान नियंत्रित रखेंगे।

### ढीले-ढाले कपड़े पहनें

ढीले-ढाले व हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। यह सूरज के प्रकोप से बचाते हैं और पसीने सूखने में मदद करते हैं। इस मौसम में आंखों का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए तेज धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।

### बचाव के उपाय

- खनिज की पूर्ति करने वाले पेय पदार्थों का सेवन करें।
- नारियल का पानी, कच्चे दूध की लस्सी पीना।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- साफ ताजा पानी पिएं, ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचे।
- डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नींबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी, छाछ पीना।
- जंक फूड का सेवन करने से बचे।
- खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- तला भूना, मिर्च मसाले वाले भोजन से बचें।
- चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# गोपी थोटाकुरा बने पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

## ब्लू ओरिजिन कैप्सूल से छह लोगों ने की अंतरिक्ष की सैर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल

भारतीय मूल के पायलट गोपी थोटाकुरा समेत छह लोगों ने रविवार को अंतरिक्ष की सैर की है। इनमें अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे, जिन्होंने आखिरकार 61 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी। अमेरिकी वायुसेना में कैप्टन रहे एड ड्विट का अंतरिक्ष यात्री के रूप में 1961 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चुनाव किया था, लेकिन किसी कारण से वह 1963 में उड़ान में नहीं जा सके थे।

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने सभी छह अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अमेरिका के पश्चिमी टेक्सास से स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9.36 बजे उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्रियों में गोपी थोटाकुरा और एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, फ्रांसीसी शराब कंपनी मोंट-ब्लैंक के संस्थापक सिल्वेन चिरोन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उद्यमी केनेथ एल हेस और सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे। कंपनी ने बताया कि कैप्सूल करीब 10 मिनट तक अंतरिक्ष में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर आया। सभी अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ हैं। इस उड़ान के साथ ही ड्विट सबसे अधिक उम्र के अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे पहले सबसे बुजुर्ग अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड स्टार ट्रेक अभिनेता विलियम शैटनर के नाम था, जो 2021 में अंतरिक्ष में गए थे। ड्विट शैटनर से करीब दो महीने बड़े हैं।




अंतरिक्ष से लौटे गोपी थोटाकुर।

### गोपी पायलट और कुशल एविएटर हैं

आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा ने अंतरिक्ष की यात्रा कर इतिहास रच दिया है। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। गोपी एक पायलट और कुशल एविएटर हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जेट पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। थोटाकुरा एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं।

## हमलावरों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की रविवार को कड़ी निंदा की तथा कहा कि इन हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई है। आतंकवादियों ने शनिवार रात कश्मीर में दो स्थानों पर हमले कर शोपियां में एक सरपंच की हत्या कर दी और अनंतनाग में राजस्थान के एक पर्यटक दंपती को घायल कर दिया। बारामूला में लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले इन हमलों को अंजाम दिया गया।



सिन्हा ने यहां एक बयान में कहा मैं आतंकी हमले और पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की बर्बर हत्या से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े नेता थे और लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए जाने जाते थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ है। हम इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया जघन्य हमला भी आतंकियों की हताशा को प्रदर्शित करता है।

**घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश :** उपराज्यपाल ने कहा मैंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा सरकार ने आतंकवादियों और उसके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस तथा सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है।

# सरकार से खफा युद्ध कैबिनेट सदस्य ने दी इस्तीफे की धमकी

**यरूशलम, एजेंसी**

- गाजा में नई योजना अपनाने को लेकर बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू सरकार पर बनाया दवाब

इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो वह 8 जून को पद से इस्तीफा दे देंगे। शनिवार को की गई उनकी इस घोषणा से सात महीने से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में विभाजन के संकेत मिले हैं।

वहीं द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की गैंट्ज की धमकी की मंत्रियों की आलोचना की है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में गैंट्ज ने मंत्रिमंडल से छह सूत्री योजना पर सहमत होने का आह्वान किया, जिसमें संघर्ष समाप्त होने के बाद घेरे गए क्षेत्र के शासन के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है।

गैंट्ज की योजना में गाजा में इजरायली बंदियों को रिहा करने, क्षेत्र को विसैन्यीकृत करने और इसके नागरिक मामलों की देखरेख के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की बात कही गई है।



संवाददाताओं को जानकारी देते बेनी गैंट्ज।

### गाजा में एक और बंधक का शव मिला

इजरायली सेना ने कहा है कि गाजा पट्टी से एक और इजरायली बंधक का शव बरामद किया गया है। 24 घंटे के भीतर ये चौथा शव है। सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सेना और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त विशेष अभियान में रॉन बेंजामिन का शव बरामद किया गया। एक बयान में, एड्राई ने कहा कि सेना की जानकारी से संकेत मिलता है कि रॉन बेंजामिन पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए थे और उनके शव को हमास के आतंकवादी गाजा ले गए थे। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी कम से कम 129 इजरायली बंधक हैं, जिनमें से कुछ, हमास के अनुसार, मर चुके हैं।

# ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना बना रहे ऋषि सुनक

**लंदन, एजेंसी**

- मंत्रियों ने जताया विरोध, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा इसका प्रभाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है।



इसे लेकर उन्हें अपने कुछ मंत्रियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। द ऑब्जर्वर अखबार की खबर के अनुसार अगर पोस्ट स्टडी योजना पर रोक लग जाती है, तो इससे भारतीय छात्रों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यह योजना भारतीय छात्रों के बीच ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों को चुनने का एक बड़ा कारण है। साल 2021 में लांच होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है।

द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को योजना को खत्म करने की प्लानिंग पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं।

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत जानलेवा हमले के चार दिन बाद भी गंभीर बनी हुई है। रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी। हालांकि कलिनक ने यह भी कहा कि हालत में कुछ सकारात्मक सुधार देखने को मिला है।

अस्पताल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर ताजा जानकारी जारी करता रहेगा। अस्पताल के उप-निदेशक मिलान उर्बनी ने संवाददाताओं से कहा चिकित्सकों के सुबह के परामर्श के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वह फिलहाल प्राणघातक हालात से बाहर हैं, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत जीतने का भरोसा

**काठमांडू, एजेंसी**

- गठबंधन सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित हैं। यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं यदि वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना आवश्यक होता है।

## लूटपाट



अमेरिका द्वारा गाजा में बनाए गए पोतघाट के जरिए मध्य गाजा पट्टी पर ट्रक से मानवीय सहायता पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों ने ट्रक को लूटने की कोशिश की। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने बेहद पसंद आयी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म इस फिल्म में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 10 मई को रिलीज हुई है। दर्शकों और क्रिटिक्स से इस फिल्म को को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ दिन पूर्व अक्षय कुमार ने फिल्म और राजकुमार राव की तारीफ की थी।अब रणवीर सिंह ने श्रीकांत देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है। श्रीकांत देखने के बाद रणवीर भी फिल्म की तारीफ की।उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक उत्साहवर्धक कहानी और एक खास अभिनेता का बेहतरीन प्रदर्शन। श्रीकांत की टीम को बधाई।



### कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है वर्ष 1967 से। उधमपुर के एक आर्मी अस्पताल का सीन देखने को मिल रहा है। एक आदमी बेड पर लेटा नजर आ रहा है, जिसे 1965 की जंग में 9 गोलियां लगी हैं। उसके बाद से वह आदमी कोमा में है। आगे एक वॉर सीक्वेंस देखने को मिलता है। हाथों में बंदूक लिए कार्तिक फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।आगे कार्तिक के बचपन की कहानी दिखाई जाती है। उनसे स्कूल में पूछा जाता है कि बड़े होकर क्या बनना है, जिस पर वो कहते हैं कि चैंपियन बनना है और मेडल लाना है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे चंदू पिता नहीं चाहते थे कि वह स्पोर्ट्स में जाये, लेकिन बचपन से ही खेल-कूद में उन्हें बड़ी दिलचस्पी थी। उन्होंने कुश्ती से करियर शुरू किया। ''चंदू नहीं, चैम्पियन है मैं। यह डायलॉग है मुरलीकांत बने कार्तिक आर्यन का।



### 50 वर्ष के हुए नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 50 वर्ष के हो गए। सिद्दीकी का जन्म 19 मई 1974 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना गांव में हुआ था। वर्ष 1999 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनेता बनने का सपना लिये मुंबई आए थे। नवाजउद्दीन बैक स्टेज पर काम किया करते थे। स्टेज की साफ-सफाई करना, एक्टर्स के लिए चाय-पानी लाने का काम भी करते थे।

### बजरंग और अली 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** दो दोस्तों की कहानी पर आधारित फिल्म बजरंग और अली 7 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दो विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाले बजरंग और अली की गहरी और अनूठी दोस्ती को दिलचस्प तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले दो दोस्तों की वफादारी और निस्वार्थ भाव को बड़े ही मार्मिक अंदाज में पेश किया गया है। बजरंग और अली की दोस्ती के माध्यम से यह संदेश भी देने की कोशिश की गयी है कि किसी शख्स का ताल्लुक किसी भी मजहब से क्यों ना हो, यदि आपके मन में एक-दूसरे के लिए इज़्ज़त है तो फिर ऐसे में आपकी पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती है।

## यूक्रेन ने 30 तो रूस ने 60 ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है, जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किये हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नये सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने वीडियो प्रकाशित किया, जिसमें रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया।

# डॉक्टर पर ऑपरेशन के दौरान गलत रॉड डालने का आरोप

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

- मरीज ने सरकारी अस्पताल में कराया था फ्रैक्चर का ऑपरेशन अस्पताल प्रबंधन ने आरोप नकारे

केरल में कोझिकोड के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में गलत ऑपरेशन करने का एक और मामला सामने आया है। एक मरीज ने हाथ में फ्रैक्चर के इलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के चलते उसके हाथ में गलत रॉड डालने को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हालांकि रविवार को अस्पताल ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज का एकदम सही ऑपरेशन किया गया है। मेडिकल कॉलेज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को इलाज में हुई गड़बड़ी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हाथ के ऑपरेशन को लेकर सवाल उठाते हुए मरीज ने कहा कि उसके दाहिने हाथ में किसी और मरीज की रॉड डाल दी गई है जिससे उसका हाथ बुरी तरह दर्द कर रहा है। एक सड़क हादसे के बाद एक दिन पहले ही उसे बीच हॉस्पिटल से यहां रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज अस्पताल के आर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डा.जेकब मैथ्यू ने कहा कि मरीज के इलाज में कोई गलती नहीं हुई है। उन्हें लगाया गया रॉड मानक के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले इस अस्पताल के एक डॉक्टर को गलत ऑपरेशन करने पर निलंबित किया गया था।

### एक्सरे में हुआ खुलासा

ऑपरेशन के बाद तकलीफ बढ़ने से कराए गए एक्सरे में पता चला कि डॉक्टर ने गलत राड मरीज को लगा दी है। मरीज के स्वजनों ने बताया कि डॉक्टर ने मरीज का दोबारा ऑपरेशन करने का दबाव बनाया, मना करने पर वह स्वजनों पर चिल्लाया भी था। परिवार ने डॉक्टर के बताने पर तीन हजार का चिकित्सकीय सामान खरीदा था जिसमें से एक भी ऑपरेशन में इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## जेईआई के पूर्व प्रवक्ता ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी अली मोहम्मद लोन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी आगजनी, दंगा, जेल से भागने की कोशिश, राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और श्रीनगर केंद्रीय कारागार में पथराव करने में कथित तौर पर संलिप्त है। लोन को पहली बार मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसकी एहतियाती हिरासत को अदालत ने उस साल जुलाई में रद कर दिया था। हालांकि, उसे छह दिन के अंदर निवारक कानून के तहत फिर से हिरासत में ले लिया गया लेकिन इस आदेश को 2020 में अदालत ने निरस्त कर दिया था।